डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 अंक : 123 पेज: 8 जयपुर, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 मूल्य: 1.50 रुपये

# घोषणा के बाद भी 50% ट्यूबवेल व हैंडपंप चालू नहीं हुए

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। प्रदेश में तापमान बढ़ने के कारण पेयजल की मांग 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है, लेकिन गर्मियों को लेकर जलदाय विभाग की तैयारियां अधूरी हैं। करीब एक साल पहले बजट में की गई घोषणा के बावजूद विभाग अब तक 50 फीसदी ट्यूबवेल और हैंडपंप भी चालू नहीं कर सका है। मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में अधिकारियों ने अप्रैल अंत तक 800 से अधिक ट्यूबवेल और 1400 हैंडपंप चालू करने के दावे किए थे, लेकिन अब तक यह आंकड़ा लक्ष्य से आधा ही हो पाया है।

गत वर्ष के बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 नलकूप और 10 हैंडपंप स्वीकृत किए गए थे। इस आधार पर प्रदेश में एक हजार ट्यूबवेल और दो हजार हैंडपंप चालू किए जाने थे, लेकिन अब तक ये लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। इस बजट में स्वीकृत 1000 नए नलकूप और 2500 हैंडपंप की वित्तीय स्वीकृति भी जारी नहीं की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को पेयजल प्रोजेक्ट्स को गंभीरता से लेकर समयबद्ध क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं।

**टैंकर से पानी आपूर्ति के लिए 107 करोड़ मंजूर**

अप्रैल से जुलाई के बीच गर्मी के पीक सीजन



में टैंकरों से जल आपूर्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 82 करोड़ और शहरी क्षेत्रों में 25 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 142 करोड़ रुपए के 1244 कार्य और शहरी क्षेत्रों में 68 करोड़ रुपए के 153 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें नलकूपों की गहराई बढ़ाना, पाइपलाइन डालना-बदलना और पंपसेट की मरम्मत जैसे कार्य शामिल हैं।

**जल जीवन मिशन के 5 हजार वर्क ऑर्डर इसी माह होंगे जारी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की अवधि 2028 तक बढ़ा दी है। उन्होंने अप्रैल माह में 5 हजार करोड़ के कार्यादेश जारी करने और जल जीवन मिशन की योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संचालन एवं संधारण नीति भी शीघ्र जारी करने को कहा गया है।

**15 मई तक पूरे हों सभी कार्य**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए नए हैंडपंप-नलकूप लगाने, पुराने हैंडपंप-नलकूपों की मरम्मत और पाइपलाइनों को दुरुस्त करने सहित सभी पेयजल सुदृढ़ीकरण कार्य 15 मई तक हर हाल में पूरे किए जाएं। जिला कलेक्टरों को एक-एक करोड़ रुपए का अनटाइड फंड दिया गया है, जिससे अधिकांश जिलों में काम शुरू हो चुका है। शेष जिलों को भी शीघ्र स्वीकृतियां जारी कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जालंधर में पूर्व मंत्री के घर आतंकी हमले में ऐक्शन

- दिल्ली में संदिग्धों को हिरासत में लिया

**जालंधर (एजेंसी)।** पंजाब बीजेपी के पूर्व प्रधान और पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोरंजन कालिया के घर हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्रीय एजेंसियां ऐक्शन में हैं। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी एनआईए जल्द मामले में जांच के लिए आ सकती है। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा एजेंसियों ने मामले में सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं, जिससे मामले में तय से जांच की जा सके। पंजाब पुलिस से जुड़े सूत्रों से पता चला है कि दिल्ली से कुछ संदिग्धों को भी मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को दिल्ली से हिरासत में लिया गया है। इसे लेकर जालंधर सिटी पुलिस की टीमें दिल्ली रवाना हो गई हैं। हालांकि इसे लेकर पंजाब पुलिस द्वारा कोई सटीक बयान नहीं जारी किया गया है।

## चीनी सेना भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन इस समय अमेरिका के साथ भीषण ट्रेड वॉर में उलझा हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 104 फीसदी कर दिया है। इससे भारत को लेकर भी चीनी सरकार और सेना के रुख में नरमी आ गई है। चीनी सरकार ने अमेरिकी टैरिफ का मुकाबला करने के लिए भारत से समर्थन मांगा है। वहीं चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उनके देश की आर्मी भारतीय सेना के साथ मिलकर काम करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर करना चाहती है। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी के रक्षा मंत्रालय के



प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने बुधवार को कहा कि चीन और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने भारतीय राष्ट्रपति साथ बधाई संदेशों का आदान-प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि दो प्राचीन सभ्यताओं, प्रमुख विकासशील देशों और वैश्विक दक्षिण के महत्वपूर्ण सदस्यों के रूप में चीन और भारत आधुनिकीकरण के अहम दौर में हैं। झांग ने आगे कहा कि चीनी सेना दोनों देश के नेताओं की आम सहमति को लागू करने, संचार और रणनीतिक आपसी विश्वास को मजबूत करने, सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द्र की रक्षा करने में विश्वास रखती है।

# छब्बीस मरीन राफेल डील को मंजूरी, बढ़ेगी नेवी की ताकत

- फ्रांस से 64 हजार करोड़ की डील तय,मोदी सरकार की मुहर

**चीन से मुकाबले के लिए हिंद महासागर में की जाएगी तैनाती**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने फ्रांस से 26 मरीन राफेल फाइटर जेट की खरीदी को मंजूरी दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी ने 9 अप्रैल को डील पर मुहर लगाई। भारत को 64 हजार करोड़ रुपए में 26 मरीन फाइटर मिलने हैं। इसके बाद फ्रांस 22 सिंगल-सीटर और 4 ट्विन-सीटर जेट भारतीय नौसेना को सौंपेगा। इन्हें हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। दोनों देशों के बीच 26 राफेल मरीन जेट की खरीद को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। भारत नौसेना के लिए राफेल मरीन की डील उसी बेस प्राइज में करना चाहता था, जो 2016 में वायुसेना के लिए 36 विमान खरीदते समय रखी थी। इस डील की जानकारी सबसे पहले पीएम मोदी की 2023 की फ्रांस यात्रा के दौरान सामने आई थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ रिक्वेस्ट जारी किया था, जिसे फ्रांस ने दिसंबर 2023 में स्वीकार किया। इससे पहले सितंबर 2016 में 59 हजार करोड़ रुपए की डील में भारत वायुसेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीद चुका है। पहले दौर की चर्चा जून 2024 में हुई थी। तब अधिकारियों ने कमेटी से चर्चा की थी।



# पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होगा वक्फ कानून

- ममता बोलीं-गोली मार दो पर धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होने दूंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। ममता कोलकाता में जैन समाज के कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा- कुछ लोग पूछते हैं कि मैं हर धर्म के स्थानों पर क्यों जाती हूं। मैं पूरी जिंदगी जाऊंगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। जियो और जीने दो यही हमारा रास्ता है। इस बयान पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता फर्जी हिंदू हैं, अपनी भाषा और आचरण से उन्होंने




यह सिद्ध कर दिया है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की दुकानों पर तोड़फोड़ की गई, पुलिस पर हमला किया गया। फिर भी ममता चुप हैं। वक्फ संशोधन कानून लोकसभा-राज्यसभा से पास होने के बाद 8 अप्रैल से देश में लागू कर दिया गया है। इसकी संवैधानिकता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट इस पर सुनवाई के लिए तैयार है। तारीख अभी नहीं तय की है। इधर, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बुधवार को लगातार तीसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और भाजपा के विधायकों के बीच हाथापाई हो गई।

## ट्रम्प ने अब दवाओं पर टैरिफ लगाने का किया ऐलान

- कहा- इससे फार्मा कंपनियां वापस अमेरिका आ जाएंगी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि हम जल्द ही दवाइयों पर भारी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका मकसद विदेश में दवा बना रही कंपनियों को अमेरिका में वापस लाना और घरेलू दवा इंडस्ट्री को बढ़ावा देना है। ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देश दवाओं की कीमतों को कम रखने के लिए बहुत ज्यादा दबाव बनाते हैं। वहां ये कंपनियां सस्ती दवा बेचती हैं, लेकिन अमेरिका में ऐसा नहीं होता है। एक बार जब इन दवा कंपनियों पर टैरिफ लग जाएगा तो ये सारी कंपनियां अमेरिका वापस आ जाएंगी। अगर अमेरिका दवाओं पर भी टैरिफ लगाने का फैसला लेता है तो इसका भारत पर भी असर पड़ेगा। भारतीय



फार्मास्युटिकल कंपनियां हर साल अमेरिका को 40 फीसदी जेरेनिक दवाएं भेजती हैं। ट्रम्प ने कहा कि दवाएं दूसरे देशों में बनती हैं और इसके लिए आपको ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। लंदन में जो दवा 88 डॉलर में बिकती है, वही दवा अमेरिका में 1300 डॉलर में बिक रही है। अब यह सब खत्म हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति बोले कि टैरिफ लगाने से फार्मा कंपनियां वापस आएंगी, क्योंकि अमेरिका बहुत बड़ा बाजार है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो विदेशी दवा कंपनियों को भारी टैक्स चुकाना पड़ेगा।

## केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की नातिन की हत्या

**गया (एजेंसी)।** गया में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की नातिन की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतका की पहचान सुषमा देवी के रूप में हुई है। सुषमा पूर्व सीएम के भांजे की बेटी थी। वो अतरी ब्लॉक में विकास मित्र के पद पर काम करती थी, जबकि आरोपी पति रमेश पटना में ट्रक चलाता है। जानकारी के मुताबिक, दोपहर 12 बजे आरोपी ने घर में ही पत्नी के सीने में गोली मार दी और देसी कट्टा फेंककर फरार हो गया। दोनों की 14 साल पहले इंटरकास्ट मैरिज हुई थी। दोनों के 3



बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि वारदात से पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। घटना अतरी प्रखंड के टेटूआ गांव की है। वारदात के वक्त मृतका की बहन और बच्चे घर पर दूसरे कमरे में ही थे। गोली की आवाज सुनते ही मृतका की बहन और बच्चे मौके पर पहुंचे। वहीं, गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी सुषमा के घर पहुंचे। फिर पुलिस को इसकी जानकारी दी। गांव के लोगों ने बताया कि 14 साल पहले बेलागंज थाना क्षेत्र के बरैनी गांव के रहने वाले रमेश सिंह से सुषमा की अंतरजातीय शादी हुई थी। दोनों को तीन बच्चे हैं, जिनमें 13 और 5 साल की बेटी है, जबकि 8 साल का एक बेटा है। गांव के कुछ लोगों ने बताया वह मिलनसार स्वभाव की थी।

# सीएम ने ली मेट्रो फेज-2 की बैठक

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को बैठक ली। इसमें रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट के नजदीक मेट्रो स्टेशन बनाने के निर्देश दिए, ताकि मेट्रो की उपयोगिता अधिकतम हो। साथ ही आमजन की पहुंच में हों। मुख्यमंत्री ने मेट्रो की डीपीआर में प्रस्तावित रूट, अनुमानित लागत, परियोजना की व्यवहार्यता तथा वित्तीय मॉडल की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो फेज-2 की डीपीआर में प्रस्तावित सीतापुरा से अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर तक भविष्य की आवश्यकता तथा आमजन की सुगमता को देखते हुए मेट्रो स्टेशन



बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि जयपुर एक ऐतिहासिक और तेजी से बढ़ता शहर है और मेट्रो का विस्तार यहां की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुरवासियों के लिए सुगम व अत्याधुनिक परिवहन तंत्र विकसित किया जाए, जिससे जयपुर स्मार्ट सिटी की दिशा में देशभर में मॉडल शहर बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो फेज-2 के तहत प्रोजेक्ट में खर्च व लागत का समुचित आकलन किया जाए ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

## गूगल मैप ने बिहार की जगह दिखा दी यूपी के एक गांव की लोकेशन

- रेल पटरी पर पहुंची कार,सामने से आ रही थी तेज रफ्तार मालगाड़ी
- ड्राइवर ने लगाया ब्रेक,पार्टी करने आए आदर्श राय की बच गई जान

**गोरखपुर (एजेंसी)।** गूगल मैप के सहारे रास्ता सफर करना अब खतरनाक होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।ताजा केस गोरखपुर से सामने आया है। यहां देर रात एक युवक पार्टी करने के बाद अपने गांव वापस निकला। गांव की जगह वह रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। तभी सामने से तेज



रफ्तार में मालगाड़ी आते देख कार सवार के होश उड़ गए। उसकी किस्मत अच्छी थी कि ट्रेन के ड्राइवर ने समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दी वर्ना कुछ भी हो सकता था।

# सरकार ने ईवीएम में गड़बड़ी की, बैलेट से हो चुनाव

- गुजरात में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोले मल्लिकार्जुन खड़गे
- पार्टी के कार्यक्रम में सोनिया और राहुल रहे मौजूद,प्रियंका नहीं आईं

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन हो रहा है। यह दो दिन (8 और 9 अप्रैल) का है। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। आज दूसरे दिन साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन हो रहा है, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल मौजूद हैं, लेकिन प्रियंका गांधी नहीं पहुंची। चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं खड़गे ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे उन्हें फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गई, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा। खड़गे ने आगे कहा- सब कुछ पता लगा लिया जाएगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जाएगा। नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं अधिवेशन के दूसरे दिन की शुरुआत झंडावंदन के साथ हुई। इसके बाद पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी एक-एक करके सार्वजनिक क्षेत्र को बेचकर अपने दोस्तों को दे रहे हैं और देश को बेचकर चले जाएंगे। उनका मानना है कि जवाहरलाल नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं, जबकि सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचा रही है। वे सिर्फ कांग्रेस को गालियां देते हैं, इसके अलावा कोई बात नहीं करते। वक्फ संशोधन अधिनियम पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, महत्वपूर्ण सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा करने के बजाय, सरकार ने संसद में सुबह 3-4 बजे तक सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए बहस की। मणिपुर जैसे मुद्दों पर, सुबह 4.40 बजे बहस शुरू हुई। खड़गे बोले, मैंने अमित शाह से कहा कि हमें अगले दिन इस पर चर्चा करनी चाहिए।



# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## तहव्वुर राणा का पत्यर्पण भारत के लिए बड़ी कानूनी और कूटनीतिक जीत

मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए बड़ी कानूनी और कूटनीतिक जीत है। अब देश के दुश्मन को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जा सकेगा और उन लोगों को इंसाफ मिलेगा, जिन्होंने इस आतंकी हमले में अपनों को खोया है।

रंग लाई मेहनत: मुंबई पर आतंकी हमला साल 2008 में हुआ था। 16 साल से ज्यादा वक्त बीत गया, लेकिन उसका दर्द अब भी है। वजह कि सारे दोषियों को आज तक भी उनके किए की सजा नहीं मिल सकी है। कई दोषी सीमा पार शरण लिए हुए हैं। इस लिहाज से राणा का प्रत्यर्पण बहुत बड़ी सफलता है। इसके पीछे भारत सरकार और उसके उन अफसरों की कड़ी मेहनत है, जो 2019 से ही राणा को भारत लाने के प्रयास में जुटे थे।

पाकिस्तान पर दबाव: तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम से एजेंसीज पूरा सच जान सकती हैं। इससे पाकिस्तान पर प्रेशर बनाया जा सकेगा कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दिखावा न करे, बल्कि हकीकत में कदम उठाए। चूंकि मुंबई अटैक में 6 अमेरिकी नागरिकों की भी जान गई थी, इसलिए इस्लामाबाद पर वॉशिंगटन का भी दबाव होगा।

भारत का बढ़ता कद: राणा ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी अदालतों में तमाम दलीलें दीं। यहां तक कहा कि एक अपराध के लिए दो बार सजा नहीं दी जा सकती, लेकिन भारत ने बखूबी उसका काउंटर किया। इससे संदेश गया है कि मानवता के गुनहगार कानून को ढाल बनाकर लंबे समय तक बच नहीं सकते। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस साल फरवरी में ही कह दिया था कि मुंबई आतंकी हमले के लिए राणा को भारत में न्याय का सामना करना पड़ेगा।

अभी काम बाकी: तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण एक बड़ी जीत है, पर पूरी नहीं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का एक बड़ा काम यहां से शुरू होता है। मुंबई पर आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग और फंडिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ था, इसमें कोई शक नहीं रह गया है। फिर भी कुछ कड़िया बाकी हैं।

# वक्फ बिल पर नीतीश ने BJP का साथ क्यों दिया

## - शाह ने दो टॉप लीडरों से बंद कमरे में बात की, JDU के साथ आने की 3 वजहें



अपनी छवि और राजनीति को करीने से साधने वाले नीतीश कुमार ने चुनावी साल में बोल्ड डिसीजन लिया है, जो चर्चा का विषय बन गया है। अब तक जानकारों का मानना था कि चुनावों के मद्देनजर JDU मुस्लिम वोटर्स को नाराज नहीं कर सकती, इसलिए वह ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ती, जहां उसे मुस्लिम वोटर्स को साधने की जरूरत महसूस होती है।

बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव हैं। 2023 की जातीय गणना के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में 17.7% मुस्लिम हैं। जिनका राज्य के करीब 47 सीटों पर प्रभाव है। ऐसे में नीतीश कुमार ने वक्फ बिल पर मोदी का साथ दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पार्टी अध्यक्ष ने अपने सांसदों को स्पष्ट संदेश दिया कि आप मुस्लिम वोटों की चिंता ना करें।

सबसे पहले जानिए, भाजपा ने नीतीश को कैसे भरोसे में लिया

बिल के मूल ड्राफ्ट में प्रावधान था कि नया कानून लागू होने के 6 महीने के अंदर एक सेंट्रल पोर्टल पर सभी वक्फ प्रॉपर्टीज का रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। 6 महीने बाद प्रॉपर्टी को लेकर कानून के तहत कोर्ट में कोई सुनवाई नहीं की जा सकेगी। JDU के सांसद दिलेश्वर कामत ने इस प्रावधान में संशोधन का सुझाव दिया था, जिसे JPC ने स्वीकार कर लिया। अब वक्फ ट्रिब्यूनल किसी वक्फ प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन की टाइमलाइन बढ़ा सकता है। इसके लिए प्रॉपर्टी के मुतवल्ली यानी केयरटेकर को ट्रिब्यूनल के सामने इसकी उचित वजह बतानी होगी। भाजपा की टॉप लीडरशिप ने बिल के एक-एक पॉइंट को क्लियर किया। शाह ने ललन सिंह और संजय झा के साथ मीटिंग की।

सूचना है कि गृह मंत्री अमित शाह ने अपने हाल के बिहार दौरे के दौरान नीतीश कुमार से बात की। उनको समझाया कि बिल गरीब और पसमांदा मुसलमानों के पक्ष में है। वो बिल पारित होने के बाद हमारे साथ आ सकते हैं।

अब 3 पॉइंट में जानिए, आखिर ऐसा क्या हुआ कि नीतीश कुमार का मुस्लिमों से मोह भंग हो गया?

1. मुस्लिमों के लिए काम किया, लेकिन उन्होंने साथ नहीं दिया

2013 में नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी के विरोध में 17 साल पुराना NDA का गठबंधन तोड़ दिया। 2014 लोकसभा चुनाव उन्होंने अपने दम पर लड़ा। उन्हें उम्मीद थी कि अपने कोर वोट बैंक के अलावा मुस्लिमों का भी साथ मिलेगा, लेकिन ये उनका भ्रम साबित हुआ। उन्होंने 38 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे, लेकिन मात्र 2 सीट ही जीत सके। इनमें एक नालंदा और एक पूर्णिया की सीट थी। बाकी 36 सीटों पर उनकी हार हो गई।JDU सूत्रों की मानें तो उसी साल से नीतीश कुमार का दिल टूट गया था। नीतीश कुमार ने वक्फ संशोधन बिल पर खुलकर सरकार को समर्थन करने की अपनी सहमति दे दी थी। उनका मानना था कि हम उनके लिए काम करते हैं, लेकिन वे हमारा सपोर्ट नहीं करते हैं।

जदयू के एक नेता ने दैनिक भास्कर को बताया कि पॉलिटिक्स करने के लिए कपड़ा जरूरी है न। ऐसे में जो पार्टी हमें पद और कद दोनों दे रही है, हम उनके एजेंडे का विरोध क्यों करें। इसलिए हमारे नेतृत्व ने इस बिल पर सपोर्ट देने का निर्णय लिया।

2. JDU मान चुकी है उसे मुस्लिम वोट नहीं मिलने वाला

JDU के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नीतीश कुमार ने 2005 से लेकर अब तक बहुत प्रयास किया कि उन्हें मुस्लिम वोट मिले। 2010 तक थोड़ा बहुत सपोर्ट मिला भी। इसके बाद मुस्लिम इनसे दूर होते चले गए।

ऐसे में अब JDU की टॉप लीडरशिप ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि बिहार में मुस्लिम वोट एकतरफा है। ये कुछ भी कर लें, बीजेपी से अलग हो जाएं, आरजेडी के साथ आ जाएं। इन्हें मुस्लिम वोट नहीं मिलने वाला है। ऐसे में इन्होंने बीजेपी को साथ देने का निर्णय लिया।

CSDS-लोकनीति के पोस्ट-पोल सर्वे 2020 के मुताबिक, RJD और कांग्रेस के महागठबंधन को 75% मुस्लिम वोट मिले थे। वहीं, BJP और JDU वाले NDA को 5% और चिराग पासवान की पार्टी LJP (रामविलास) को 2% मुस्लिम वोट मिले।

3. कमजोर नीतीश को 2025 के लिए बीजेपी का साथ जरूरी

2020 विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी तीसरे नंबर की बन गई थी। 2005 विधानसभा चुनाव के बाद ऐसा पहली बार हो रहा था जब नीतीश कुमार को बीजेपी से भी कम सीटें हासिल हुई थीं। इसके लिए सबसे बड़ा जिम्मेदार चिराग पासवान को माना गया। 2020 के चुनाव के बाद नीतीश कुमार भले सीएम बने रहे, लेकिन उन्हें दो बार पाला बदलना पड़ा। पहले बीजेपी का साथ छोड़कर वे राजद के साथ गए। इसके बाद दोबारा वे बीजेपी के साथ आए।

बिहार में अगले 6 महीने में विधानसभा का चुनाव होना है। नीतीश कुमार की सेहत पर पहले से ही सवाल उठ रहे हैं। जदयू को बिहार में अपनी स्थिति को मजबूत रखने के लिए एक पुराने और भरोसेमंद साथी की जरूरत है। ऐसे में बीजेपी से ज्यादा भरोसेमंद उनके लिए कोई और पार्टी नहीं हो सकती है।

2015 के बाद से मुस्लिमों का नीतीश कुमार से मोहभंग

बात 2024 लोकसभा चुनाव की है। नीतीश कुमार NDA की एक मीटिंग में शामिल थे। यहां सीएम को कहना पड़ा, 'मुसलमानों को जाकर बताइए, उनके लिए सरकार ने क्या-क्या काम किया है। RJD आ गई तो दंगा फसाद करेगी।' इस बयान का संदेश साफ था। नीतीश कुमार भी ये मान चुके थे कि इस समाज का अब उनसे मोह भंग हो चुका है। 2024 के लोकसभा और 2020 के विधानसभा चुनाव के नतीजों में नीतीश कुमार की पार्टी के एक भी मुस्लिम कैंडिडेट जीतने में सफल नहीं हो पाए थे।

2015 विधानसभा चुनाव में आखिरी बार JDU से 5 मुस्लिम विधायक जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में JDU के एक भी मुस्लिम सांसद नहीं जीत पाए थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू ने 11 मुस्लिम कैंडिडेट को मैदान में उतारा, लेकिन एक भी कैंडिडेट जीतने में सफल नहीं रहे। यही हाल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हुआ, जदयू के एक भी कैंडिडेट चुनाव नहीं जीत पाए।

अब जानिए, नीतीश ने मुस्लिमों के लिए क्या किया

JDU का दावा है कि 2005 में सत्ता में आने के बाद नीतीश कुमार ने मुस्लिमों की कई पुरानी डिमांड को एक-एक करके पूरा किया। पटना में हज भवन का निर्माण, अंजुमन इस्लामिया की मॉडर्न बिल्डिंग का निर्माण, मदरसा के शिक्षकों की सैलरी सरकारी स्कूल के शिक्षकों के बराबर करना, उर्दू शिक्षकों की बहाली, कब्रिस्तान की घेराबंदी या हर विधानसभा क्षेत्र में आवासीय स्कूल और छात्रावास का निर्माण, हायर एजुकेशन के लिए मुस्लिम छात्रों को स्कालरशिप जैसी कई योजनाएं 2005 से लेकर अब तक शुरू की गई हैं।

दो बार BJP से अलग स्टैंड ले चुके हैं नीतीश

1. CAA को समर्थन लेकिन NRC का विरोध

नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) को समर्थन देने के बाद नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (JDU) ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) का विरोध किया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में एनआरसी (NRC) लागू नहीं होगा और वे एनपीआर (NPR) पर भी विरोध दर्ज करा चुके हैं। NPR पर नीतीश यह स्पष्ट कर चुके हैं कि 2010 की तर्ज पर ही राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर तैयार होना चाहिए।

हालांकि नीतीश कुमार ने पहले सीएए (CAA) यानी नागरिकता संशोधन कानून का विरोध किया था, लेकिन बाद में लोकसभा में जेडीयू ने इस बिल का समर्थन दिया था।

2. धारा 370 हटाए जाने का भी जेडीयू ने किया था विरोध

धारा 370 हटाए जाने को लेकर भी जेडीयू के अंदर इसी प्रकार का विरोधाभास देखने को मिला था। 5 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाए जाने को लेकर वोटिंग के दौरान जनता दल यूनाइटेड के सभी सांसदों ने दोनों सदनों से वॉकआउट कर एक प्रकार से नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए इस बिल का विरोध ही किया था।

प्रौद्योगिकी

डॉ. मोनिका शर्मा



## तकनीकी तरक्की की सकारात्मक स्थितियां

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अग्रणी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तत्परता के मामले में दुनियाभर के देशों की रैंकिंग जारी की है। समय के साथ विस्तार पाते तकनीकी जुड़ाव के मानस और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की सहजता के सकारात्मक विस्तार को सामने रखती इस सूची में भारत को शीर्ष देशों में स्थान मिला है। यूएन की यह ताजा रिपोर्ट बताती है कि ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपींस ने तकनीक के लिए तत्परता दिखाने में शानदार प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट-2025 की यह रैंकिंग संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा जारी की गई है। ध्यातव्य है कि वैश्विक स्तर पर की गई रैंकिंग से जुड़ी फेहरिस्त में 170 देशों को शामिल किया गया था। इनमें भारत 36वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि हमारे देश की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है। तकनीकी विकास की धुरी पर दौड़ते वैश्विक परिवेश में नई और महत्वपूर्ण तकनीकों को अपनाने में तत्परता दिखाने का यह पहलू सचमुच अहम है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की इस रिपोर्ट में भी कहा गया है कि विकासशील देशों को तेजी से बदल रही तकनीक और एआई के लिए तैयार रहने की आवश्यक है। डिजिटल इंडिया की मुहिम से लेकर आमजन के झुकाव तक, भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार को लेकर सकारात्मक परिवेश स्पष्ट दिखता है। दूरदराज के गांवों में खेती किसानी में ड्रोन के इस्तेमाल हो रहा है। बीते दिनों महाकुम्भ के आयोजन में तकनीक के उपयोग को पूरी दुनिया ने देखा है। कमोबेश हर क्षेत्र ने तकनीक से मिली सुविधाओं और बदलावों को जीवन का हिस्सा बनाया जा रहा है। स्पष्ट है कि भारत ने इस मोर्चे पर तरक्की की है। असल में इस रैंकिंग में जिन संकेतकों को आधार बनाकर यह रैंकिंग तय की गई है, उन क्षेत्रों में तो भारत ने विशेष उन्नति की है। इनमें आईसीटी परिनियोजन यानी वैश्विक स्तर पर सूचना साझा करने के लिए इंटरनेट, वायरलेस नेटवर्क एवं मीडिया एप्लिकेशन जैसे डिजिटल उपकरणों और संचार तकनीकों के इस्तेमाल, स्किल, रिसर्च एंड डेवलपमेंट एवं विकास गतिविधियां, औद्योगिक क्षमता और वित्तीय क्षेत्र तक शामिल हैं। ध्यातव्य है कि वर्ष 2022 की इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 48वीं थी। इस वर्ष हमारा देश 36वें स्थान पर है। रेखांकित करने योग्य पहलू यह है कि आईसीटी के मामले में भारत की रैंकिंग 99वीं और वित्त के मामले में 70वीं है। स्किल के मामले में हमारा देश 113वें स्थान पर हैं। वहीं रिसर्च एंड डेवलपमेंट में भारत को तीसरा और औद्योगिक क्षमता के मामले में दसवां स्थान मिला है। साथ ही एआई तकनीक के मामले में भारत को बेहतर काम करने वाला देश माना गया है। 2020 में महिलाओं में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में 'वी थिंक डिजिटल' नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। फेसबुक, राष्ट्रीय महिला आयोग और साइबर पीस फाउंडेशन के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को संचालित किया गया था। इसके अंतर्गत सात राज्यों में 1 लाख महिलाओं को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिए जाने की योजना थी। ऐसी बहुत सी योजनाओं और कार्यक्रमों के चलते आज तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं का भी महत्वपूर्ण दखल है। नेशनल सेंटर फॉर वूमेन एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की बीते साल की रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा समय में टेक उद्योग के कार्यबल में महिलाओं की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। साथ ही पिछले पांच वर्षों में तकनीक की दुनिया में महिलाओं की संख्या में 5 फीसदी की बढ़ोतरी भी हुई है। वर्ष 2022 की हुरून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक निजी क्षेत्र की नामी-गिरामी 500 तकनीकी कंपनियों में 11.6 लाख महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही हमारे यहां 'स्टेम' शिक्षा में भी बेटियों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। 'स्टेम' का अर्थ साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स विषयों से है। आंकड़े बताते हैं कि 1980 में देश में इंजीनियरिंग की सभी डिग्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम की थी। ऐसे में तकनीकी संसार में बढ़ते महिला श्रमबल ने स्त्रियों के लिए नए मार्ग खोले हैं। विचारणीय है कि बड़ी आबादी और परम्परागत परिवेश वाले हमारे देश में बदलाव की यह दिशा यकीनन सराहनीय है। आम जीवन में भी तकनीकी सुविधाओं से मिली सहजता स्पष्ट दिखती है। हालांकि इस मामले में भारत को लंबा रास्ता तय करना है। एआई यानि आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस में निवेश के मामले में अमेरिका सबसे आगे है। विकासशील देशों में चीन दूसरे और भारत 10वें स्थान पर है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित

दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे पर भक्ति न छोड़ें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## महावीर जयंती



जबलपुर में गुरुवार को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा में जैन श्रद्धालु शामिल हुए।

## आज की पाती

### ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफार्म से उठता विश्वास

पिछले दिनों ग्रेटर नोएडा की एक शुद्ध शाकाहारी युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसके द्वारा उसने अपने साथ घटित हुई एक गंभीर घटना का वर्णन करते हुए बताया कि नवरात्री के दौरान एक रेस्टोरेंट से स्विगी ऐप के माध्यम से वेज बिरयानी ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी के बाद उसे यह जानकर गहरा आघात लगा कि उसके पास जो बिरयानी पहुंची है, वह वेज नहीं बल्कि नॉनवेज थी। युवती ने रोते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जो उसकी आस्था और भावनाओं पर हुए आघात को दर्शाता है। यद्यपि युवती की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। प्रशासन की ओर से रेस्टोरेंट व फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। *- रीमा शर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### हिंदुओं को अधिकार



1500 साल पुराने मंदिरों पर भी अगर वक्फ दावा करता है, तो क्या हिंदुओं को इतना भी अधिकार नहीं है कि वे अपना पक्ष रख सकें? नए वक्फ कानून में यह अधिकार देने का काम किया गया है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### महावीर जयंती की बधाई



भगवान महावीर की पावन जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं! संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करुणा का मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर जी की शिक्षाएं समूची मानवता के लिए पाथेय हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### कांग्रेस का रवैया छलावापूर्ण



कांग्रेस पार्टी के अहमदाबाद अधिवेशन में खासकर भाजपा के 'छद्म राष्ट्रवाद' व दलित एवं पिछड़े बहुजन-हित को लेकर प्रस्ताव छलावा व अविश्वसनीयता से ग्रस्त। इन वर्गों के आरक्षण व अन्य कल्याणकारी संवैधानिक गारंटियों को लागू करने में कांग्रेस का रवैया हमेशा छलावापूर्ण।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### जियो और जीने दो



आज जब देश और दुनियाभर में हिंसक सोच को बढ़ावा देने वाले नकारात्मक तत्व सक्रिय हैं, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत सबके लिए संजीवनी बन सकता है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

### पोप फ्रांसिस से मिले महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने बुधवार को वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। यह भेंट शाही जोड़े की इटली यात्रा और उनके विवाह की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। पोप 'निमोनिया' के संक्रमण की वजह से गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। संक्रमण से उबरने के बाद यह उनकी पहली निजी भेंट थी। वेटिकन के अनुसार, पोप ने महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला को विवाह की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। चार्ल्स और कैमिला ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बर्मिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा 'महामहिम इस बात से बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें पोप से व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं प्राप्त करने का अवसर मिला।' इससे पहले, बुधवार को चार्ल्स ने इटली की संसद को संबोधित किया और यूरोप में युद्ध के समय साझा मूल्यों की रक्षा के लिए ब्रिटेन और इटली के बीच मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने यूक्रेन को समर्थन देने, नाटो में सहयोग करने का उल्लेख किया। महाराजा चार्ल्स ने जलवायु परिवर्तन पर भी अपनी बात रखी और आगाह करते हुए कहा कि वह 16 वर्ष पहले दिए गए अपने ही भाषण की चेतावनियों को आज सच होता देख रहे हैं।



## ऑफ बीट

### महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।



# दलित अधिकार बुलेटिन मासिक पत्रिका (डिजीटिल) का किया विमोचन



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। दलित अधिकार केंद्र के 21 वें स्थापना दिवस व पी.एल.मीमरौठ जी के द्वितीय जयन्ति समारोह के अवसर पर डॉ. बी.आर.अम्बेडकर मैमोरियल वैलफेयर सोसायटी, झालाना डुंगरी, जयपुर में दिनांक 10 अप्रैल, 2025 को पी.एल. मीमरौठ जयन्ति समारोह समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री अनिता भारती, प्रसिद्ध लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता, नई दिल्ली, रही।

मुख्य वक्ता के रूप में अनिता भारती ने कहा कि मीमरौठ जी ऐसी सख्शीयत थे उन्होंने पूरे देष में दलितों को जागरूक करने का कार्य किया, दलित अत्याचारों की उन्होंने बिना किसी के टकराव के पुलिस प्रषासन, सरकार व समुदाय को जागरूक करने का कार्य किया उनके योगदान को कभी भुला नही सकते। भारती ने कहा कि मीमरौठ जी दलित अत्याचारों की मॉनिटरिंग करना, फेक्ट फाईण्डिग करना, पीडितों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस, प्रषासन व न्यायालय के स्तर पर प्रयास करना उनके रग-रग में बसा हुआ था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिता भारती के द्वारा दलित अधिकार बुलेटिन मासिक पत्रिका (डिजीटिल) प्रथम अंक का हुआ विमोचन पीयूसीएल की राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता श्रीवास्तव, दलित मानवाधिकार केन्द्र समिति के बोर्ड मेम्बर गोकुल चन्द जारवाल, सुषीला नागर, समग्र सेवा संघ के अध्यक्ष सवाई सिंह, आईण्डिया संस्था के सचिव गणपत राम मेहरा, षांति देवी मीमरौठ, दलित अधिकार केन्द्र के निदेषक सतीष कुमार, दैनिक जयपुर गुलाबी टाईम्स के मुख्य सम्पादक अर्जुन लाल बैरवा, एडवोकेट, के द्वारा करवाया गया।

दलित मानवाधिकारों के पुरोधा, गैर बराबरी के खिलाफ निरंतर संघर्षरत स्व. श्री पी. एल. मीमरौठ की द्वितीय जयन्ति समारोह के उपलक्ष में उनके द्वारा दलितों के सामाजिक, सामाजिक न्याय, आर्थिक, सांस्कृतिक, विधि, विज्ञान, महिला सषक्तिकरण एवं महिला उत्थान के क्षेत्र में जागरूकता लाने/अत्याचारों की रोकथाम के लिए उनके द्वारा किये गये प्रयासो को चिरस्थाई बनाने, व युवा पीढी को उक्त क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रदेष की दलित महिला कार्यकर्ता श्रीमती भंवरी बाई अजमेर व दलित कार्यकर्ता प्रकाष हडाले अलवर को दलित आन्दोलन व सामाजिक न्याय के लिए उनके उल्लेखनीय योगदान को ध्यान में रखते हुये उक्त कार्यकर्ताओं को"पी. एल.मीमरौठ सोशल जस्टिस अवार्ड-2025" से 25-25 हजार रूपये की नगद राषि, स्मृति चिन्ह, प्रषस्ति पत्र, षॉल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति की अध्यक्ष सुश्री कविता श्रीवास्तव, आयोजन समिति के सदस्य व बोर्ड मेम्बर श्री गोकुल चन्द जारवाल, सुषीला नागर, समग्र सेवा संघ के अध्यक्ष सवाई सिंह, आईण्डिया संस्था के सचिव गणपत राम मेहरा, षांति देवी मीमरौठ, दलित अधिकार केन्द्र के निदेषक सतीष कुमार, दैनिक जयपुर गुलाबी टाईम्स के मुख्य सम्पादक अर्जुन लाल बैरवा, एडवोकेट, अपने विचार व्यक्त किये "पी.एल.मीमरौठ सोशल जस्टिस अवार्ड-2025" की विजेता भंवरी बाई, अजमेर ने कहा कि न्याय प्राप्त करने के लिए लडाई को जारी रखनी पडेगे इसके लिए महिलाओं को जागरूक कर आमे लाने का आहवान किया व प्रकाष हडाले अलवर ने कहा कि वर्ष 2003 में वाल्मीकी समुदाय के द्वारा सीर पर मेला ढोने की प्रथा के लिए उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका पेष की गई जिसमें मीमरौठ जी का उल्लेखनीय योगदान को याद किया।

# मुख्यमंत्री ने ली जयपुर मेट्रो-फेज 2 की अहम बैठक



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो फेज-2 की डीपीआर में प्रस्तावित सीतापुरा से अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर तक भविष्य की आवश्यकता तथा आमजन की सुगमता को देखते हुए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएं।

उन्होंने कहा कि जयपुर एक ऐतिहासिक और तेजी से बढ़ता शहर है और मेट्रो का विस्तार यहां की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुरवासियों के लिए सुगम एवं अत्याधुनिक परिवहन तंत्र विकसित किया जाए जिससे जयपुर स्मार्ट सिटी की दिशा में देशभर में मॉडल शहर बने।


शर्मा ने कहा कि मेट्रो फेज-2 के तहत प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आकलन किया जाये ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मेट्रो की डीपीआर में प्रस्तावित रूट, अनुमानित लागत, परियोजना की व्यवहार्यता तथा वित्तीय मॉडल की जानकारी ली।

**रेलवे स्टेशन-एयरपोर्ट के नजदीक बनाएं मेट्रो स्टेशन—**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना में आमजन की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए रूट का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि मेट्रो स्टेशन ऐसे स्थानों पर बनाए जाएं जो आम लोगों की पहुंच में हों, और इसके साथ-साथ रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के नजदीक मेट्रो स्टेशन बनाया जाना सुनिश्चित करें जिससे मेट्रो की उपयोगिता अधिकतम हो।

बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती आनंदी सहित जयपुर मेट्रो से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर के संदेशों में निहित है जीवन का सार - वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरूवार को अलवर में महावीर जयन्ती के पावन पर्व पर सकल जैन समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा एवं महाआरती कार्यक्रम में शिरकत की।

शर्मा ने महावीर जयन्ती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर जी ने सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह आदि मूल्यों पर बल दिया। उनके प्रवचनों का सार त्याग, संयम, प्रेम, करूणा और सदाचार में निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर जी की शिक्षाएं अहिंसा के माध्यम से मुक्ति का मार्ग दिखाती हैं। भगवान महावीर ने अहिंसा का पालन शारीरिक, मानसिक और वाचिक रूप से करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जब दुनिया में तनाव व वैमनस्य फैल रहा है तो भगवान महावीर का यह संदेश हमें अपने भीतर के अहिंसा के भाव को जाग्रत करने की प्रेरणा देता है। भगवान महावीर जी ने शांति, सद्भावना और मानव सेवा का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। वन मंत्री ने कहा कि भगवान महावीर जी के इन गुणों को सभी लोगों को आत्मसात करना चाहिए। शर्मा ने शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की एवं महाआरती में शामिल होकर भगवान महावीर जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर दी शुभकामनाएं

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने गरीब, पिछड़े, दलित एवं शोषित वर्ग के उत्थान तथा सामाजिक जड़ताओं व कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने महिलाओं के कल्याण व महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में भी अहम योगदान दिया। समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष के प्रति समर्पण के कारण उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई। युगपुरूष महात्मा ज्योतिबा ने नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला और पुरूष में भेद, जाति-प्रथा, धार्मिक आडम्बर सहित अन्य कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिबा जी के आदर्शों को प्रेरणा मानकर राज्य सरकार गरीबों तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार द्वारा दादूदयाल घुमंतू सशक्तीकरण योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, गरीब महिलाओं के लिए 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर सहित विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन-आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता को और मजबूत करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं, जिससे देश व प्रदेश उन्नति के नए आयाम को छू सके।

# अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यभर में कार्रवाई जारी



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य के माइन्स विभाग द्वारा राज्यभर में कार्रवाई जारी है। उदयपुर, जोधपुर, जयपुर, भीलवाड़ा सहित अन्य स्थानों के साथ ही भरतपुर में पहाड़ी तहसील के खनन क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक स्थानों/खानों पर औचक कार्रवाई कर खननकर्ताओं पर 180 करोड़ रुपए का जुर्माना लगया है। माइन्स विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान खननकर्ताओं द्वारा रवन्नाओं के दुरुपयोग, बिना रवन्ना के खनिजों का अवैध निर्गमन, अवैध खनन व गैप एरिया में अवैध खनन करना पाया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा समय समय पर विभागीय समीक्षा बैठकों के दौरान और गत 2 अप्रैल को आयोजित खान विभाग की समीक्षा बैठक में अवैध खनन गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के निर्देश देते रहे हैं।

विभाग द्वारा 2 अप्रैल से 9 अप्रैल के दौरान में अवैध खनन, खनिज परिवहन और खनिज भण्डारण के विरुद्ध 339 कार्रवाई करते हुए 168 वाहन मशीनरी जब्त की है। इस दौरान समूचे प्रदेश में 24 हजार 950 टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया है वहीं अलग अलग पुलिस थानों में 43 एफआईआर दर्ज कराई गई है और 26 गिरफ्तारी हुई है। एक करोड़ 97 लाख रुपए का जुर्माना वसूल कर राजकोष में जमा कराया गया है।

निदेशक माइन्स दीपक तंवर ने बताया कि विभाग की विशेष टीम ने भरतपुर जिले की पहाड़ी तहसील के छपरा, धौलेट और नांगल आदि गांवों की एक दर्जन से अधिक खानों के मुआयना के दौरान व्यापक स्तर पर अनियमितता पाये जाने पर अवैध खनन का आकलन कर 180 करोड़ रुपए से अधिक की शास्ति लगाई गई है। इनमें पहाड़ी के छपरा गांव में 3 स्थानों, ग्राम धौलेट में 5 स्थानों और नांगल ग्राम के 6 स्थानों पर खानधारकों द्वारा रवन्नाओं के दुरुपयोग, बिना रवन्ना के खनिज निर्गमन और गेप एरिया में अवैध खनन के मामलें सामने आये हैं। विभाग द्वारा अवैध खनन का अलग अलग आकलन कर सब पर अलग अलग कुल मिलाकर 180 करोड़ रु. की शास्ति लगाई है।

# सोड़ाला पुलिस द्वारा गैंगवार में रिवेंज मर्डर की प्लानिंग का खुलासा

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे ऑपरेशन "आग" के तहत अति. पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप के निर्देषन में जयपुर शहर में अवैध हथियार, सक्रिय गैंग्स सदस्यों, हार्डकोर बदमाशों एवं आग्नेय शस्त्र रखने एवं लूट व डकैती की वारदात को अन्जाम देने वालों के खिलाफ में कार्यवाही करने हेतू पुलिस उपायुक्त कुन्दन कंवरिया के निकट सुपरविजन एव नेतृत्व में सी.एस.टी. आयुक्तालय जयपुर की टीम के द्वारा लूट, डकैती की वारदात को अन्जाम देने वालों एवं अवैध हथियार रखने एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध आसूचना संकलन व इलाकों में निगरानी रखी जाकर प्राप्त सूचनाओं पर



पुलिस थाना सोडाला जयपुर की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुये आरोपिगण 1. अवतार उर्फ अजीत पुत्र गोपाल सिंह 2. विनोद उर्फ मनोज उर्फ मामापुरी 3. सलीम उर्फ धौलू पुत्र मुमताज 4. सुरज सिंह रावत पुत्र मंगल सिंह रावत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपीगण के कब्जें से अवैध हथियार 04 देषी कट्टे एवं 17 जिन्दा कारतूस को बरामद करने में सफलता अर्जित की गयी।

# सांगानेर पत्रकार संघ का हुआ गठन सर्वसहमति से रविकांत शर्मा को बनाया अध्यक्ष




सादिक हिन्दुस्तानी

सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर में काफी दिनों से पत्रकार बंधुओं में चर्चा का माहौल गर्म हो रहा था की, सांगानेर में एक पत्रकार संघ का गठन हो जो सांगानेर की आवाम की बुलंद आवाज बने।पत्रकारों के हितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाने का सशक्त माध्यम बने। सांगानेर के विकास के लिए सरकार को आईना दिखाने का ईमानदारी से कार्य करे। इसके लिए दिशा संदेश मिडिया के चीफ एडिटर विकास डाबरा का विशेष योगदान रहा जिन्होंने टोंक रोड पर स्थित गीतांजलि होटल में दिशा संदेश मीडिया के पत्रकार जगत में 12 वर्ष पूर्ण होने पर सांगानेर क्षेत्र के पत्रकार बंधुओं का एक स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया था। खाने की टेबल पर चर्चाओं का दौर प्रारंभ हुआ और देखते ही देखते सांगानेर पत्रकार संघ बनाने का प्रस्ताव पास हो गया और सर्वसम्मति से सांगानेर के वरिष्ठ पत्रकार रविकांत शर्मा को सांगानेर पत्रकार संघ का अध्यक्ष और गुलाब चंद कुमावत को कोषाध्यक्ष बनाने की तुरंत घोषणा की गई।

एक कहावत है कि शुभ कार्य में देरी नहीं होना चाहिए। इस शुभ अवसर पर शुभ कार्य होने के लिए सभी पत्रकार बंधुओं ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी तथा दिशा संदेश मीडिया के चीफ एडिटर विकास डाबरा ने फूल माला पहनाकर अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया। रविकांत शर्मा ने अपने पहले उद्बोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य केवल खबरों को उजागर करना ही नहीं बल्कि पत्रकारों की आवाज को बुलंद करना और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देना होगा। सांगानेर की खबरों में रफ्तार लाई जाएगी और पत्रकारों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल सुनिश्चित किया जाएगा। सभी पत्रकार बंधुओं को उम्मीद जताई की संघ क्षेत्र की पत्रकारिता को एक नई दिशा देगा और पत्रकारों के लिए एक मजबूत मंच साबित होगा। शीघ्र ही सांगानेर पत्रकार संघ की कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। इस सुनहरे मौके पर सांगानेर क्षेत्र के विकास डाबरा,रविंद्र शर्मा, गुलाबचंद कुमावत,शिव शंकर छिपा,पुनीत शर्मा,दिनेश आर्य, दीपक गोधा,चंद्रभान सक्सेना, सुनील शर्मा,मोहम्मद सादिक हिंदुस्तानी,बन्ने सिंह,पवन शर्मा, योगेश शर्मा,गौरव आहूजा, मनीष सिंह,भुवनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेल परियोजनाओं पर तेजी से हो रहा काम



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर लगभग 21000 करोड रुपए की लागत से 808 किलोमीटर दोहरीकरण एवं 555 किलोमीटर नई लाइन के कार्य स्वीकृत हैं जिन पर तेज गति से कार्य प्रगति पे पर है। वित्तीय वर्ष 2024- 25 में लगभग 70 किलोमीटर नई लाइन व दोहरीकरण तथा गेज परिवर्तन के कार्य पूरे किए गए है। वर्ष 2024-25 में राजस्थान के दो महानगरों जयपुर एवं जोधपुर के मध्य दोहरीकरण का कार्य पूर्ण किया गया तथा दौसा- गंगापुर सिटी नई लाइन का कार्य पूर्ण कर रेल संचालन प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही रतनगढ़ -मोलीसर रेल मार्ग का भी दोहरीकरण कार्य भी इसी वर्ष किया गया। रतनगढ़ -मोलीसर रेल मार्ग का विद्युतीकरण कार्य भी इस साल किया गया । उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल मार्गदर्शन में वर्ष 2024-25 में उत्तर पश्चिम रेलवे पर 351 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण हुआ। इसके साथ ही कुल 5466 रूट किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण उत्तर पश्चिम रेलवे पर किया जा चुका है। सूरतगढ़ थर्मल प्लांट के यार्ड मे 14.49 किलोमीटर की नई लाइन का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। इसके अतिरिक्त काठुवास-अटेली, कुंड काठुवास और मनहेरु -भिवानी रेल खंड के दोहरीकरण का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। मारवाड़ बाईपास लाइन, सवाई माधोपुर बायपास लाइन तथा पुष्कर -मेड़ता नई लाइन की भी स्वीकृति इस वर्ष प्राप्त हो चुकी है। इनके अतिरिक्त अनूपगढ़ -बीकानेर नई लाइन, लालगढ़-बीकानेर व नारनौल -फुलेरा रेल मार्ग के दोहरीकरण कार्यों की डीपीआर बनाकर रेलवे बोर्ड भेजी गई हैं।

जयपुर से लगभग 70 किलोमीटर दूर गुढ़ा-ठठाना मिठडी के बीच लगभग 967 करोड की लागत से बन रहे 64 किलोमीटर लंबे आरडीएसओ डेडिकेटेड टेस्ट ट्रैक का लगभग 47 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है। यह कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण होने की संभावना है।

इनके साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 103 बड़े एवं छोटे पूलों का कार्य पूर्ण किया गया तथा 07 रोड ओवर ब्रिज और 39 रोड अंडर ब्रिज बनाए गए हैं जिस कारण 25 लेवल क्रॉसिंग को बंद किया गया है।

रेल यातायात को अधिक सुचार बनाने के लिए कई कार्य वर्ष 2024-25 में किए गए। पंडोली, मारवाड़ मथानिया, गडवाला, कपासन, रानाप्रतापनगर, कीरोड़ा स्टेशनों पर अतिरिक्त लूप लाइन डाली गई है ताकि ट्रेनों की क्रॉसिंग में लगने वाले अतिरिक्त समय को कम किया जा सके और ट्रेनों की समय पालना सुनिश्चित किया जा सके। बीकानेर पूर्व स्टेशन पर 02 पूर्ण लंबाई की रेल लाइने तथा भगत की कोठी स्टेशन पर 03 पूर्ण लंबाई की स्टेबलिंग रेल लाइने डाली गई हैं। इन कार्यों से उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षित रेल संचालन और ट्रेनों की समय पालना सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

# प्रदेश को विद्युत ऊर्जा में सरप्लस स्टेट बनाने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित-ऊर्जा राज्यमंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। ऊर्जा राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर गुरूवार को चूरू दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने चूरू जिला परिषद सभागार में डिस्कॉम अधिकारियों की बैठक में विभागीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए विस्तृत निर्देश दिए।

नागर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। ऊर्जा क्षेत्र के निरंतर उन्नयन के लिए विभाग स्तर नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है।

ऊर्जा राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आरडीएसएस योजनांतर्गत चल रहे विद्युत संबंधी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं। अधिकारी विभागीय कार्यों का नियमित एनालिसिस करें तथा फील्ड स्तरीय टीम के बेहतरीन प्रबंधन से गुणवत्तापूर्ण सेवाएं आमजन को दें। उन्होंने आरडीएसएस योजनांतर्गत विद्युत कार्यों, बजट घोषणाओं, पीएम सूर्यघर योजनांतर्गत सोलर कनेक्शन, पीएम कुसुम योजनांतर्गत कनेक्शन, लंबित कृषि कनेक्शन, घरेलू कनेक्शन आदि सहित विभागीय योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए।

# हिंदू-मुस्लिम एकता समिति ने किया ईद, होली और चेटीचंड मिलन समारोह का आयोजन




जयपुर। जयपुर के शास्त्री नगर स्थित जनउपयोगी भवन में बुधवार शाम हिंदू मुस्लिम एकता सामाजिक समिति की ओर से हर साल की तरह इस बार भी ईद, होली एवं चेटीचंड मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी समुदायों के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जोसफ जॉर्ज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समिति की सराहना करते हुए कहा कि समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने में ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका होती है। कमिश्नर ने समिति के सभी सदस्यों का माला पहनाकर सम्मान किया और आश्वस्त किया कि जयपुर पुलिस समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का मंच संचालन कैलाश यादव ने किया। उन्होंने कहा, "जहां कुछ लोग समाज में आग लगाने की कोशिश करते हैं, वहीं हम लोग मिलकर उसे बुझाने का काम करते हैं।" समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद खंडेलवाल, वरिष्ठ सदस्य निजाम भाटी, सबीहा परवीन, वकार अहमद, मजहर हुसैन तथा सिंधी समाज के अध्यक्ष किशोर रामनानी सहित दोनों समुदायों के सैंकड़ो लोगों ने शिरकत की।

# बाल विवाह निरस्त से बेड़ियां तोड़ ही नवजीवन की उन्मुक्त उड़ान संभव : डॉ.कृति भारती

## -सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों ने डॉ.कृति भारती के साहसिक मिशन की भरसक सराहना की

जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी व पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती ने कहाकि सामाजिक कुप्रथा बाल विवाह असल में एक गंभीर बीमारी है और इसकी एकमात्र वैक्सीन बाल विवाह निरस्तीकरण है। बाल विवाह निरस्तीकरण से ही मासूम बच्चों के बाल विवाह की बेड़ियां तोड़ कर उन्हें एक नवजीवन एवं उन्मुक्त उड़ान दी जा सकती है।

वर्ल्ड टॉप टेन एक्टिविस्ट व बीबीसी 100 प्रेरक महिलाओं की सूची में शामिल डॉ. कृति भारती नाथद्वारा में नेशनल लीगल सर्विस ऑथोरिटी(नालसा) और स्टेट लीगल सर्विस ऑथोरिटी (रालसा) के राज्य स्तरीय समारोह में बतौर रिसोर्स पर्सन स्पेशल प्रेजेंटेशन दे रही थी। सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के न्यायाधीशों ने डॉ. कृति भारती के बाल विवाह रोकथाम और निरस्तीकरण को साहसिक मुहिम की मुक्त कंठ भरसक प्रशंसा की। सम्मेलन में 40 से अधिक न्यायाधीश मौजूद रहे। इस अवसर पर नालसा की और से बाल विवाह रोकथाम आधारित आशा एसओपी भी जारी की गई।




डॉ. कृति ने प्रेजेंटेशन में कहा कि यह बहुत जरूरी है कि पूरे देश में बाल विवाह निरस्तीकरण की बयार चले। जिससे बच्चों को बाल विवाह के शोषण से बचाया जा सके। डॉ. कृति भारती ने बाल विवाह प्रतिषेध कानून की बारीकियां समझाते हुए कानून की शक्तियों के साथ कानून की कमियों पर भी चर्चा की। डॉ. कृति ने इस बात पर भी जोर दिया कि बाल विवाह को केवल कुप्रथा ही नहीं समझा जाए, इसको अपराध के चश्मे से भी देखनी की आवश्यकता है। वहीं पीड़ितों की काउंसलिंग और पुनर्वास में आ रही समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही प्रशासन और न्यायालय की प्रक्रिया के दौरान आने वाली समस्याओं पर भी प्रकाश डालकर सभी समस्याओं के निराकरण को भी सुझाया। डॉ कृति ने कहा कि हमें ऐसे समेकित प्रयास करने चाहिए कि बाल विवाह केवल इतिहास की किताबों में समा जाए, और हम कहें वन्स अपॉन ए टाइम देयर वाज अ टाइम व्हेन चाइल्ड मैरिज हैपंस इन इंडिया।

**डॉ. कृति की मुहिम से नया बदलाव आएगा : जस्टिस गवई**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष बी आर गवई ने डॉ. कृति भारती के बाल विवाह के खात्मे के साहसिक मिशन की मुक्तकंठ प्रशंसा की। जस्टिस गवई ने कहा कि डॉ. कृति ने बाल विवाह के मुद्दे पर शानदार प्रस्तुति दी है । वे हजारों बाल विवाहों को रोकने में सफल रही हैं और कई बाल विवाहों को निरस्त भी करवाया है। उनकी यात्रा भी सभी के लिए प्रेरणादायक होगी और इस बारे में कृति को नालसा और रालसा का पूरा साथ मिलेगा इसकी मुझे पूरी उम्मीद है।

**बेटी बचाओ को योद्धा के रूप में कृति कर रही साकार : जस्टिस संदीप मेहता**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता ने भी डॉ. कृति भारती के बाल विवाह उन्मूलन के कार्यों की भरसक प्रशंसा की ।उन्होंने कहा कि डॉ. कृति भारती बेटी बचाओ में सबसे अग्रणी रही है।

वे बाल विवाह को रोकने और निरस्त करवाने की प्रणेता है। बाल विवाह एक बड़ी बुराई है, जिससे हमारा राज्य ग्रसित है। डॉ. कृति भारती ने योद्धा के रूप में अकेले ही आज तक 2100 बाल विवाह रोके हैं और 52 बाल विवाह निरस्त करवाए हैं। सम्मेलन में राजस्थान हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव, जस्टिस चंद्र शेखर, जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी, स्टेट मिनिस्टर ऑफ सोशल जस्टिस एंड लॉ अर्जुन राम मेघवाल, सहित सुप्रीमकोर्ट और हाइकोर्ट के 40 से अधिक न्यायाधीश मौजूद थे।

**सारथी ट्रस्ट बाल विवाह निरस्त में सिरमौर**

जोधपुर के सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती ने देश का पहला बाल विवाह निरस्त करवाया था। जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया रिकॉर्ड और वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। डॉ. कृति ने अब तक 52 जोड़ों के बाल विवाह निरस्त करवाएं है और 2100 से अधिक बाल विवाह रुकवाएं हैं। करीब 25 हजार से अधिक महिलाओं और बच्चों का पुनर्वास करवाया हैं। 50 हजार से अधिक लोगों को बाल विवाह नहीं करवाने की शपथ दिलवा चुकी है। 9 रिकॉर्ड में नाम दर्ज हो चुका है। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ओमप्रकाश बैरवा के लिए बनी आर्थिक सहारा

## -बेटी के विवाह उपरांत मिली 51 हजार की सहायता

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिल रही है। ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया है सवाई माधोपुर के वार्ड नं. 32 निवासी ओमप्रकाश बैरवा का, जो बीपीएल श्रेणी में आते हैं।

ओमप्रकाश बैरवा ने उनकी पुत्री आरती बैरवा के विवाह उपरांत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन विभाग के ब्लॉक स्तरीय कार्यालय में प्रस्तुत किया। आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति के बाद उन्हें पात्रतानुसार 51 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत हुई।

इस आर्थिक सहायता से उन्हें विवाह से संबंधित कुछ ऋण चुकाने में मदद मिली, जिससे उनके ऊपर का वित्तीय दबाव कम हुआ और परिवार को बड़ी राहत मिली। ओमप्रकाश ने सरकार का आभार जताते हुए बताया कि यह सहायता न केवल उनके लिए आर्थिक सहारा बनी, बल्कि इससे आत्मसम्मान की अनुभूति भी हुई। उन्होंने अपने समुदाय के अन्य लोगों को भी इस योजना के लाभ के लिए आवेदन करने के लिए प्रेरित किया।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक मीना आर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत सभी वर्गों के बीपीएल परिवार, आस्थाकार्ड धारी तथा आर्थिक दृष्टि से ऐसे कमजोर परिवार, जिनमें कोई कमाने वाला वयस्क नहीं है एवं विधवा महिलाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु 21 हजार से 51 हजार रूपये की सहायता राशि उपलब्ध करायी जाती है। यह सहायता राशि 18 वर्ष या अधिक आयु की किन्हीं दो पुत्रियों के विवाह हेतु विवाह दिनांक से 1 वर्ष के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने पर देय होगी। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में 121 कन्याओं को अनुदान के रूप में 52 लाख 51 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई। राज्य सरकार की यह योजना समाज के कमजोर वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह उदाहरण दर्शाता है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित योजनाएं वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच रही हैं और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

# जिले के सभी समर्थन मूल्य खरीद केन्द्रों पर सरसों एवं चना की खरीद प्रारम्भ

## -सरसों का 5 हजार 950 रुपये एवं चना का 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल से होगा भुगतान



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। वर्ष 2025-26 में राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लिमिटेड (राजफैड) के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना व सरसों का जिले के सवाई माधोपुर अमरूद मंडी चकचैनपुरा, चौथ का बरबाडा, खण्डार, बामनवास, बौंली, भाडोती, गंगापुर सिटी, बहरावण्डा कलां एवं बालेर समर्थन मूल्य खरीद केन्द्र पर खरीद कार्य प्रारम्भ हो गया है।

उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां डॉ. प्रीति यादव ने बताया कि जिले में सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये एवं चना के लिए 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। सरकार द्वारा इस बार प्रति किसान सरसों व चना की 40 क्विंटल की खरीद करने का निर्णय लिया गया है जबकि पिछले वर्ष खरीद की सीमा प्रति किसान 25 क्विंटल रखी गई थी।

उन्होंने बताया कि सभी कृषक जनआधार कार्ड, मूल गिरदावरी के साथ ई-मित्र/खरीद केन्द्र/सीएससी पर जाकर पंजीयन करवा सकते है एवं राजफैड द्वारा निर्धारित तिथि को विक्रय केन्द्र पर जिन्स लाकर ऑनलाईन विक्रय पर्ची प्राप्त कर सकते है। सभी खरीद केन्द्रों पर किसानों के लिए छाया-पानी सहित सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध है।

# शिक्षा परिवार बहुउद्देशीय सहकारी सभा लिमिटेड कोटा की प्रथम बैठक का हुआ आयोजन



कोटा, (रॉयल पत्रिका)। शिक्षा परिवार बहुउद्देशीय सहकारी सभा लिमिटेड कोटा - 50005 की प्रथम बैठक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यू कॉलोनी गुमानपुरा कोटा में आयोजित हुई इस अवसर पर सहकारी सभा की अध्यक्ष सुनीता शर्मा, मंत्री पृथ्वीराज सुमन, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, डायरेक्टर राखी गुप्ता, मधु मेघवाल, सना परवीन, श्वेता गौतम, मनीष शर्मा, सोनिया मीणा, नरेन्द्र मीणा, ओमप्रकाश नागर, चन्द्रकला बैरवा के साथ राजस्थान शिक्षक महासंघ के पदाधिकारी श्याम सुन्दर शर्मा,अनिल शर्मा, रमीज़ राजा, रूपेश गुप्ता, मुकेश आजाद,आदि मौजूद रहे सहकारी सभा मे सदस्यता, हिस्सा राशि, ऋण नीति, उप समितियों के गठन पर विचार,प्रचार सामग्री ऑनलाइन कार्य की रूपरेखा आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। सहकारी सभा की अध्यक्ष सुनीता शर्मा ने कहा कि सहकारी सभा शिक्षा परिवार से जुड़े हुए लोगों के लिए बचत और ऋण देने के कार्य के साथ साथ सामाजिक उत्थान का कार्य भी करेगी। हमारा लक्ष्य न्यूनतम खर्च में अधिकतम लाभांश का रहेगा। राजस्थान शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुन्दर शर्मा ने कहा कि 2025 का वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है और शिक्षा परिवार सहकारी सभा सहकार की भावना को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी।

# विद्युत ऊर्जा में सरप्लस स्टेट बनाने के लिए संकल्पित भजनलाल सरकार : नागर

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर गुरूवार को चूरू दौरे पर रहे। इस अवसर पर मंत्री नागर ने जिला परिषद सभागार में डिस्कॉम अधिकारियों की बैठक में विभागीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए विस्तृत निर्देश दिए। बैठक के दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि सहित जनप्रतिनिधि व डिस्कॉम के अधिकारी मौजूद रहे।



इस अवसर पर मंत्री नागर ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने के लिए संकल्पित है। ऊर्जा क्षेत्र के निरंतर उन्नयन के लिए विभाग स्तर नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आरडीएसएस योजनांतर्गत चल रहे विद्त संबंधी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं। अधिकारी विभागीय कार्यों का नियमित एनालिसिस करें तथा फील्ड स्तरीय टीम के बेहतरीन प्रबंधन से गुणवत्तापूर्ण सेवाएं आमजन को दें।

उन्होंने आरडीएसएस योजनांतर्गत विद्त कार्यों, बजट घोषणाओं, पीएम सूर्यघर योजनांतर्गत सोलर कनेक्शन, पीएम कुसुम योजनांतर्गत कनेक्शन, लंबित कृषि कनेक्शन, घरेलू कनेक्शन आदि सहित विभागीय योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।

चूरू विधायक हरलाल सहारण, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि सहित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विद्त समस्याओं व आवश्यकताओं से अवगत करवाया, जिस पर मंत्री नागर ने अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निस्तारित करें। कृषकों व आमजन की आवश्यकता व सुविधा के मध्यनजर विद्त आपूर्ति प्रबंधित करें। इसी के साथ विधायक कोटे से स्वीकृत कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे करें।

जोधपुर डिस्कॉम एमडी भंवरलाल डेलू ने सभी अधिकारियों को दिशा - निर्देशों की समुचित पालना के निर्देश दिए।

डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा ने व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। इस दौरान केके कस्वां, अनिल पूनिया, एनके पारीक, हिमांशु मोदी, वीएल सैनी सहित डिस्कॉम के अधिकारी मौजूद रहे।

**जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत**

चूरू प्रवास के दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, आकाश सैनी, सुनील ढाका सहित जनप्रतिनिधियों आदि ने मंत्री नागर का स्वागत किया।

# अखिल राजस्थान राज्य वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन

## -रातानाडा स्थित ड्राइवर की प्याऊ को अतिकर्मियों से मुक्त करवाने की उठाई मांग

जोधपुर,(रॉयल पत्रिका)। अखिल राजस्थान राज्य वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन का आयोजन होटल आरटीडीसी घूमर, जोधपुर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजयवीर सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि जोगाराम जी पटेल संसदीय सचिव विधि एवं न्याय मंत्री, देवेंद्र जी जोशी, गजेंद्र सिंह राठौड़ प्रदेश अध्यक्ष महासंघ एकीकृत की गरिमामयी उपस्थिति रही।




अधिवेशन में वाहन चालकों की पदोन्नति, हार्ड ड्यूटी एलाउंस, ओवर टाइम, राजकीय वाहन का थर्ड पार्टी बीमा के साथ ही रातानाडा स्थित ड्राइवरों की प्याऊ जो की जोधपुर स्टेट द्वारा वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारियों के हितों के लिए आवंटित की गई थी पर कुछ कब्जाधारियों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है जिस पर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है को मुक्त करने की मांग उठी।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने उपरोक्त मांगों के समर्थन के साथ ही नवीन भर्तियों में पूर्व से ही राजकीय विभागों में कार्यरत संविदा एवं ठेका कर्मियों को बोनस अंक दिए जाने की मांग उठाई।

माननीय मंत्री जोगाराम जी पटेल ने वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारियों की समस्याओं के जल्द निराकरण हेतु आश्वस्त किया।

इस अवसर पर जोधपुर संभाग के अध्यक्ष बजरंग लाल जी गुर्जर तथा जिला अध्यक्ष विशन सिंह द्वारा पूर्व में सेवानिवृत हुए वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारियों का सर्टिफिकेट देकर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा पूरे प्रदेश से पधारे पदाधिकारीयो का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर सतपाल सिंह, अजीत सिंह उदयपुर, बंशीलाल प्रजापत, गोपाल सिंह कोटा, मुन्ना खान , विजय सिंह जयपुर, पवन शर्मा अजमेर, सुरेंद्र सिंह फौजी बीकानेर, तुलसीराम जी पाली, पदमा दान जी बाड़मेर, मोहन राम मेघवाल महामंत्री, चेतन शर्मा, धर्मेंद्र सांखला संरक्षक, पन्ने सिंह, राजू राम विश्नोई, राम विश्नोई, रामरत्न विश्नोई, भँवर सिंह, नेन सिंह, मांगीलाल विश्नोई सहित अनेक वाहन चालक और तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व णमोकार दिवस पर ब्लॉक के जैन मन्दिरों में हुआ महामंत्र का सामूहिक जाप

बामनवास,(रॉयल पत्रिका) । भगवान् की आराधना 'वन्दे तद्ण लब्धये' अर्थात् उनके गुणों की प्राप्ति के लिए की जाती है। जैनधर्म में एक मुख्य मंत्र 'णमोकार महामन्त्र' । इसे हिन्दी में नमस्कार महामन्त्र कहते हैं। इससे लाखों मंत्रों की उत्पत्ति हुई। प्राकृत भाषा में निबद्ध जैन धर्म का यह नमस्कार महामन्त्र पूरे विश्व के इतिहास में एक ऐसा मन्त्र अथवा एक ऐसी प्रार्थना या वंदना है जिसका सम्बन्ध किसी व्यक्ति की पूजा से नहीं,अपितु गुणों की पूजा से है। व्यक्ति में विद्यमान गुणों की स्तुति के रूप में यह णमोकार मंत्र दिगम्बर,श्वेताम्बर यहाँ तक कि जैनधर्म में स्नेह रखने वाले अन्य सभी जैनेतर बन्धु भी अत्यन्त श्रद्धापूर्वक बोलते हैं। यह महामंत्र अनादि से पूरे विश्व में व्याप्त है ।



इस वर्ष महावीर जन्मकल्याणक दिवस के ठीक एक दिन पूर्व जैन अंतर्राष्ट्रीय संस्था और अन्य जैन संगठनों के आह्वान पर वर्धमान दिगम्बर जैन मन्दिर पिपलाई एवं बामनवास ब्लॉक के सभी जैन मन्दिरों,घरों और णमोकार महामंत्र प्रेमियों के द्वारा सामूहिक रूप से एक साथ प्रातः 8:01 से लेकर 9:36 बजे तक णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। इस अवसर पर श्रावक - श्राविकाओं द्वारा आत्मशांति एवं विश्वशांति के लिए विश्व णमोकार दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का संकल्प किया गया। एक विश्व,एक दिन और एक पवित्र महामंत्र और उसका पवित्र उच्चारण एक साथ पूरे भूमंडल पर व्याप्त हुआ है । जो आत्मशांति से ही विश्वशांति की ओर बेहतर कदम है ।

इस अवसर पर श्री वर्धमान दिगम्बर जैन मन्दिर के प्रवक्ता बृजेन्द्र कुमार श्रीमाल ने विश्व णमोकार दिवस पर णमोकार महामंत्र के महत्व और उसके रोचक तथ्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि यह महामन्त्र अनादि और अनिधन शाश्वत है ।यह सनातन है तथा श्रुति परंपरा में यह हमेशा से रहा है। यह महामंत्र प्राकृत भाषा में रचित है। इसमें कुल पांच पद,पैतीस अक्षर,अन्ठावन मात्राएँ,तीस व्यंजन और चौतीस स्वर हैं एवं लिखित रूप में इसका सर्वप्रथम उल्लेख सम्राट खारवेल के भुवनेश्वर (उड़ीसा)स्थित सबसे बड़े शिलालेख में मिलता है।

'प्रणवमंत्र में अरहंत,सिद्ध, आचार्य,उपाध्याय और सर्वसाधु ये पांचों परमेष्ठी समाविष्ट हैं। अरिहंत का प्रथम अक्षर 'अ,अशरीर (सिद्ध) का 'अ',आचार्य का 'आ',उपाध्याय का 'उ', और मुनि (साधु) का 'म्' इस प्रकार पंचपरमेष्ठियों के प्रथम अक्षर (अ + अ + आ + उ + म्) को लेकर' ॐ' शब्द बना है। यह महामंत्र सभी पापों का नाशक तथा सभी मंगलों में प्रथम मंगल है।

इस अवसर पर वर्धमान दिगम्बर जैन मन्दिर पिपलाई में मुकेश कुमार जैन, आशा देवी जैन,सुमनलता जैन,राजुल जैन, मेघना जैन, दक्षिता जैन,भव्य जैन,अयांश ने भी सामूहिक णमोकार महामंत्र के जाप में योगदान प्रदान किया गया।

# ग्राम पंचायत से तीन रुपए किराए पर मिलेंगे बर्तन सेट

बारां, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शादी ब्याह में अब कम दामों में ग्राम पंचायत से ही बर्तन मिलेंगे। इसके लिए जिले समेत प्रदेश के सभी गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में एक अलग बर्तन बैंक खोल रही है। ताकि प्लास्टिक की पत्तलों के उपयोग को रोका जा सके और गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके। प्रदेश सरकार इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक एक लाख की राशि देगी। प्रदेश की भाजपा सरकार ने बजट में एक हजार पंचायतों में बर्तन बैंक बनाने की घोषणा की थी। जिसकी अब गाइड लाइन भी जारी कर दी गई है। बारां जिले में करीब 20 ग्राम पंचायतों का पहले चरण में चयन किया जाएगा। गांव में किसी आयोजन अथवा ग्रामीण क्षेत्र में कोई आयोजन या सामाजिक कार्यक्रम होने पर मात्र 3 रुपए प्रति बर्तन सेट दिया जाएगा।

**इस प्रकार बनेगा बर्तनों का एक सेट**

प्रदेश सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देश के अनुसार एक सेट में तीन कटोरी, एक गिलास, एक थाली, एक चम्मच शामिल किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में ऐसे 400 सेट रखे जाएंगे। यही नहीं प्रत्येक बर्तन पर ग्राम पंचायत का नाम एवं स्वच्छ भारत मिशन अंकित करवाया जाएगा। बर्तन पांच वर्ष बाद बदले जा सकेंगे, जो बर्तन अच्छी स्थिति में होंगे उन्हें आगे भी काम में लाया जा सकेगा।

इनको मिलेगी पचास प्रतिशत छूट बर्तन देने के दौरान बीपीएल, अनुसूचित जाति-जनजाति, दिव्यांग आदि को विशेष परिस्थितियों में किराए में पचास प्रतिशत की छूट दी जा सकेगी। गाइड लाइन में यह स्पष्ट निर्देश दिए है कि बर्तन खोने और टूटने पर उपयोगकर्ता से भरपाई की जाएगी। इन बर्तनों की सार संभाल स्वयं सहायता समूह की ओर से की जाएगी।

**बीस ग्राम पंचायतों का करेंगे चयन**

पहले चरण में 20 ग्राम पंचायतों का चयन किया जाएगा। जिनको एक-एक लाख की राशि दी जाएगी। इसका संचालन राजीविका की ओर से किया जाएगा। योजना के जरिए ग्राम पंचायत

में प्लास्टिक की पत्तलों के उपयोग को रोकने के साथ गांवों को प्लास्टिक मुक्त किया जाएगा।

# योग एवं ध्यान के कार्यक्रम में बारां वासियों ने दिखाई खासी दिलचस्पी



बारां, (रॉयल पत्रिका)। बारां महोत्सव के तहत गुरुवार प्रातः विवेकानन्द पार्क में आर्टऑफ लिविंग के द्वारा योग एवं ध्यान प्रशिक्षण के कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उत्साह से भाग लिया। संस्थान की प्रशिक्षिका साधना सिंह ने कार्यक्रम में पहले विभिन्न योग की मुद्राओं का प्रदर्शन कर सभी प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, चेतना के बारें में अवगत कराया। वहीं उन्होंने विभिन्न योगासनों के द्वारा शरीर व मन पर नियंत्रण करने की विधियों को सरलता के साथ बताया। प्रशिक्षण में ध्यान के माध्यम से उन्होंने लोगों को मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक अवचेतन मन के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, उपखण्ड अधिकारी बनवारी लाल बैरवा एवं सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा को सम्मानित कर जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ग्रीन ट्रकिंग की राह पर भारत, टाटा मोटर्स ने संभाली हरित फ्रेट क्रांति की कमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के 60 प्रतिशत से ज्यादा फ्राइट या माल का परिवहन करने वाला ट्रकिंग सेक्टर अब तेजी से बढ़ने की स्थिति में आ गया है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक फ्राइट की मांग चार गुनी होने की उम्मीद है। ट्रकों की संख्या भी, जो वर्ष 2022 में 4 मिलियन थी, वह बढ़कर 17 मिलियन हो जाएगी। यह तरक्की आर्थिक प्रगति के लिये महत्वपूर्ण है, लेकिन यह बढ़ते उत्सर्जन की चिंता भी दे रही है, क्योंकि भारत में परिवहन के कारण होने वाले कार्बन के उत्सर्जन का लगभग एक तिहाई ट्रकों से आता है।

इस तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए, फ्रेट के



लिए स्थायी समाधानों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक हो गई है। उत्सर्जन में भारी योगदान के चलते, इस क्षेत्र का डीकार्बनाइजेशन अब न केवल पर्यावरण बल्कि व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी प्राथमिकता बन गया है। टाटा मोटर्स इस बदलाव का नेतृत्व एक बहु-ईंधन रणनीति के साथ कर रही है, जिसमें बैटरी-इलेक्ट्रिक, एलएनजी और हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रकों का संयोजन शामिल है। कंपनी इन विकल्पों के ज़रिये विभिन्न परिचालन आवश्यकताओं को पूरा कर रही है।

## जीसीपीएल ने पेश किया नया हिट मॉस्क्वीटो एयरोसोल

**मुंबई, एजेंसी।** उभरते बाजारों और घरेलू कीटनाशक (एचआई) श्रेणी में अग्रणी खिलाड़ी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) ने अभूतपूर्व और उपयोगी नवाचारों और श्रेणी विस्तार के माध्यम से अपने नेतृत्व को मजबूत करने का सिलसिला जारी रखा है। 2024 की शुरुआत में, जीसीपीएल ने भारत की पहली और एकमात्र सरकारी तौर पर मंजूर मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, गुडनाइट अगरबत्ती पेश की। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने जुलाई 2024 में रेनोफ्लुथ्रिन के विकास के साथ एक और महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल की, जो भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित और पेटेंट किया गया मौलिक्यूल है, जो बेहतर मच्छर नियंत्रण के लिए सबसे प्रभावी तरल वेपोराइज़र फॉर्मूलेशन प्रदान करता है। और अब सिर्फ एक साल से भी कम समय में, जीसीपीएल अपने कीट नियंत्रण ब्रांड, गोदरेज हिट के तहत एक और नवीनतम प्रॉडक्ट लॉन्च करने के लिए तैयार है।

## एमएसडीई ने वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत के कौशल के लक्ष्यों के गति प्रदान करने के प्रयास में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने नई दिल्ली के कौशल भवन में आयोजित उच्च स्तरीय गोलमेज चर्चा के दौरान वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम के सहयोग से 'इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर' पहल पर विचार विमर्श किया। इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक-निजी साझेदारी के रूप में काम करेगा, यह मुश्किल चुनौतियों के समाधान के लिए विभिन्न आधुनिक विचारों एवं प्रगति को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न सेक्टरों के प्रयासों को सक्षम बनाएगा- वे चुनौतियां जिन्हें हल करने के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। एक्सेलरेटर का उद्देश्य तीन महत्वपूर्ण स्तरों पर बदलाव को बढ़ावा देना है- 1)भावी कौशल की आवश्यकताओं पर जागरुकता बढ़ाना और लोगों की सोच में बदलाव लाना; 2)हितधारकों के बीच आपसी सहयोग एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना; और 3) अधिक अनुकूल एवं प्रतिक्रियाशील कौशल प्रणाली को समर्थन प्रदान करने के लिए संस्थागत संरचनाओं एवं नीतिगत ढांचे को अपग्रेड करना।

# आईआईएम रायपुर और एनएडीटी ने कराधान

### शासन और सार्वजनिक नीति में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक शैक्षणिक सहयोग किया

**रायपुर, एजेंसी।** बिल्डिंग बिजनेस ऑनर के लिए प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर, ने हाल ही में नेशनल एकेडमी ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज़ (एनएडीटी), नागपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

रणनीतिक रूप से तैयार किया गया यह समझौता कराधान, कानून प्रवर्तन, सार्वजनिक नीति, प्रबंधन और संबंधित क्षेत्रों में शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान उत्कृष्टता, क्षमता निर्माण और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इस सहयोग में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, फैकल्टी विकास कार्यक्रमों, छात्रों के लिए इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स, और व्यावहारिक अनुभव जैसे प्रमुख कदम शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, इस समझौते के तहत संयुक्त सेमिनार, कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन भी किया जाएगा ताकि सतत् शिक्षा और विचारों के आपसी आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया जा सके। इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रोफेसर राम कुमार काकानी, निदेशक,



आईआईएम रायपुर ने कहा, यह साझेदारी अकादमिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक शासन आवश्यकताओं का एक रणनीतिक मेल है। इस प्रकार की सार्थक साझेदारियाँ युवाओं के ज्ञान की सीमाओं को विस्तृत करती हैं और उन्हें नई और उपयोगी सोच के लिए प्रेरित करती हैं।

सार्वजनिक नीति और कराधान में वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों और अनुसंधान-आधारित दृष्टिकोणों को मिलाकर, हम राष्ट्र निर्माण के नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित कर रहे हैं। एक औपचारिक समारोह में प्रोफेसर राम कुमार काकानी, निदेशक, आईआईएम रायपुर और श्री आकाश देवांगन, अतिरिक्त महानिदेशक (योजना एवं अनुसंधान), एनएडीटी ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए ज्ञान साझाकरण को मजबूत बनाएगी और विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्रों में भविष्य की साझेदारियों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## एमएसडीई ने इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर के लॉन्च के लिए वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** भारत के कौशल के लक्ष्यों के गति प्रदान करने के प्रयास में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने नई दिल्ली के कौशल भवन में आयोजित उच्च स्तरीय गोलमेज चर्चा के दौरान वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के सहयोग से 'इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर' पहल पर विचार विमर्श किया। इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक-निजी साझेदारी के रूप में काम करेगा, यह मुश्किल चुनौतियों के समाधान के लिए विभिन्न आधुनिक विचारों एवं प्रगति को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न सेक्टरों के प्रयासों को सक्षम बनाएगा- वे चुनौतियां जिन्हें हल करने के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। एक्सेलरेटर का उद्देश्य तीन महत्वपूर्ण स्तरों पर बदलाव को बढ़ावा देना है- 1)भावी कौशल की आवश्यकताओं पर जागरुकता बढ़ाना और लोगों की सोच में बदलाव लाना; 2)हितधारकों के बीच आपसी सहयोग एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना; और 3) अधिक अनुकूल एवं प्रतिक्रियाशील कौशल प्रणाली को समर्थन प्रदान करने के लिए संस्थागत संरचनाओं एवं नीतिगत ढांचे को अपग्रेड करना।टेक्नोलॉजी और आर्थिक पहलुओं पर नज़र डालें तो भारत तेज़ी से बदलाव के दौर से गुज़र रहा है, इस बीच 65 फीसदी संगठनों का मानना है कि कौशल की कमी सबसे बड़ी रूकावट है जो प्रगति में बाधा उत्पन्न कर सकती है।

# बिरला ओपस पेंट्स ने नई डिज़ाइनर फिनिशेस के साथ खूबसूरती की परिभाषा बदली

- *बिरला ओपस पेंट्स ने नई और अनोखी डिज़ाइनर फिनिशेस की रेंज पेश की है, जो घर की खूबसूरती के साथ - साथ ग्राहक के अनुभव को नया रूप देने की इसकी सोच को और मजबूत बनाती है*

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज का हिस्सा, बिरला ओपस पेंट्स ने एक नई और अनोखी डिज़ाइनर फिनिश की रेंज लॉन्च की है, जिसमें दो खास जो भविष्य में भी धमाल मचा दे ऐसे कलेक्शंस शामिल हैं। ये रेंज भारत में प्रीमियम इंटीरियर डिज़ाइनिंग का रूप बदल देगी। लक्ज़री को नए अंदाज़ में पेश करने के लिए तैयार की गई यह नई रेंज उस समय आई है जब ब्रांड ने अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया है। इसके तहत कंपनी ने अपने फ्रेंचाइज़ी स्टोर्स के साथ-साथ खुद के चलाए गए बिरला ओपस पेंट स्टूडियो नामक एक्सपीरियंस स्टोर्स भी लॉन्च किए हैं, जहां ग्राहक डिज़ाइनर फिनिश रेंज को खुद देख और महसूस कर सकते हैं।



यह बेहतरीन रेंज दो शानदार कलेक्शन पेश करती है। ड्रीम कलेक्शन और टाइमलेस कलेक्शन, जिनमें प्रकृति से प्रेरित खूबसूरती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी को बड़ी बेहतरीन तरीके से मिलाया गया है। हाई-डेफिनिशन 3ष्ठ डिज़ाइन हो, चाहे चमकदार मेटैलिक फिनिश हो या फिर टाइमलेस हाथों से बनाई गई फिनिश ही क्यों न हो, बिरला ओपस पेंट्स की डिज़ाइनर फिनिश रेंज दीवारों को एक नई जान देने के साथ - साथ आलीशान दिखाती है। रंग से आगे सोचने वालों के लिए बनाई गई यह डिज़ाइनर फिनिश हर जगह को एक खास पहचान और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली का हिस्सा बना देती है। यह न सिर्फ ज़्यादा टिकाऊ और बेहतर है, बल्कि बिरला ओपस पेंट्स के विज़न दुनिया को रंग दो को भी बखूबी दिखाती है।

इसके लॉन्च पर बात करते हुए, बिरला ओपस पेंट्स के सीईओ रक्षित हरगवे ने बताया कि, बिरला ओपस पेंट्स में हम समझते हैं कि आज के ग्राहक सिर्फ प्रोडक्ट नहीं, बल्कि ऐसा अनुभव चाहते हैं जो उद्देश्य के साथ-साथ मूल्य को भी दर्शाए। हमारा उद्देश्य सिर्फ एक आधुनिक डिज़ाइन टेक्नोलॉजी और टिकाऊ समाधानों के साथ क्रिएटिविटी को नए मायने देना नहीं है, बल्कि इंटीरियर लक्ज़री को आम लोगों तक पहुंचा कर उसे नया आयाम देना भी है। हमारे पेंट स्टूडियो और फ्रेंचाइज़ी स्टोर्स को पूरे भारत में लॉन्च करने के बाद, अब हम ग्राहकों के लिए ये शानदार फिनिशेस पेश कर रहे हैं जो प्रकृति की खूबसूरती और इटालियन कला से प्रेरित हैं। ये आपके घर में लक्ज़री का एक खास एहसास ज़रूर जोड़ेंगी।

जहां ड्रीम रेंज में हाई-डेफिनिशन 3ष्ठ पैटर्न और मेटैलिक फिनिश दी गई हैं, जो स्टेटमेंट वॉल बनाने के लिए एकदम परफेक्ट हैं।

# सोनालीका ने वित्त वर्ष 2025 में अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की

- इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, रमन मित्तल ने इस प्रदर्शन का श्रेय कंपनी का ग्राहक के प्रति जुनून और निरंतर इनोवेशन के बुनियादी मूल्यों को दिया है



**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रमुख ट्रैक्टर और कृषि मशीनीकरण ब्रांड सोनालीका और सोलिस के संचालक इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 का समापन अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8 प्रतिशत कुल बाज़ार हिस्सेदारी के साथ किया है।

इस दौरान घरेलू बाज़ार में सोनालीका का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और ये कंपनी की प्रसिद्ध हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज के कारण संभव हुआ है जिसने पूरे भारत के साथ-साथ 150 देशों में लोकप्रियता हासिल करना जारी रखा है।

ये वर्ष ख़ास इसलिए भी रहा क्यूंकि आई टी एल समूह को प्रतिष्ठित फॉर्च्यून 500 भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की सूची में 237वीं रैंक के साथ अपनी पहली प्रविष्टि मिली और भारत के शीर्ष 10 ऑटो ब्रांड्स में मान्यता दी गई। सोनालीका के बुनियादी मूल्य जैसे ग्राहक के प्रति जूनून और निरंतर इनोवेशन लगातार कंपनी को आगे बढ़ा रहे हैं।

वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने अपनी तरह की एक ख़ास नीति जैसे एक देश-एक ट्रैक्टर-एक कीमत प्रस्तुत की जो अपने ग्राहकों के लिए समानता, पूर्ण विश्वास और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है।

### आ गया है नया थम्सअप एक्सफोर्स ऑल थंडर, नो शुगर सबसे पहले केवल ज़ेप्टो पर प्री-बुक करायें


**थम्स अप ने अपने नए प्रोडक्ट थम्स अप एक्सफोर्स के साथ**

# नो-शुगर बेवरेज सेगमेंट में एक नया मानदंड स्थापित किया

**मुंबई, एजेंसी।** कोका-कोला इंडिया के अरबों डॉलर के प्रतिष्ठित घरेलू ब्रांड थम्स अप ने अब अपने नए प्रोडक्ट थम्स अप एक्सफोर्स के साथ नो-शुगर बेवरेज सेगमेंट में एक नया मानदंड स्थापित किया है। ऑल थंडर, नो शुगर टैगलाइन के साथ लॉन्च हुआ यह ड्रिंक बिना चीनी के, थम्स अप के उसी पुरानी दमदार स्वाद और तेज़ बुलबुले के अनुभव को बरकरार रखता है। ब्रांड के 50 साल पूरे होने से पहले यह लॉन्च कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

ऑल थंडर, नो शुगर। टैगलाइन सब कुछ कहती है। थम्स अप एक्सफोर्स उन युवाओं के लिए बनाया गया है जो हमेशा कुछ नया और बेहतर करने की कोशिश करते हैं। उन्हें लगता है कि उनका मुकाबला खुद उनसे है, वे किसी भी सीमा में नहीं रहना चाहते और आजाद उड़ना चाहते हैं। थम्स अप एक्सफोर्स का डिज़ाइन भी बहुत आकर्षक और दमदार है, जो युवाओं को पसंद आएगा। यह ड्रिंक युवाओं को ऐसा महसूस कराएगा कि वे शक्तिशाली और आत्मविश्वासी हैं और उन्हें एक अलग पहचान देगा।

थम्स अप एक्सफोर्स की आधिकारिक शुरुआत से पहले ही इसकी मांग आसमान छू रही है। थम्स अप और ज़ेप्टो ने एक क्यू-कॉम उद्योग में पहली बार प्री-बुक सुविधा शुरू करने के लिए सहयोग किया, ताकि लोगों के बीच रोमांच को बढ़ाया जा सके। ज़ेप्टो पर आने से उपभोक्ता देशभर में लॉन्च होने से पहले थम्स अप एक्सफोर्स की पहली घूंट का आनंद उठाएंगे। यह साझेदारी युवाओं




के लिए प्रासंगिक रहने और उन्हें नए-नए तरीकों से तकनीक का लाभ उठाकर प्रीमियम उत्पाद लाने के लिए थम्स अप और ज़ेप्टो दोनों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सुमेली चैटर्जी, कैटेगरी हेड - स्पार्कलिंग फ्लेवर्स, कोका-कोला इंडिया और साउथ वेस्ट एशिया ने कहा, थम्स अप हमेशा से नए और बेहतर उत्पाद बनाने में आगे रहा है। थम्स अप एक्सफोर्स भी उसी दिशा में एक नया प्रयास है। यह बिना चीनी वाला पेय है, लेकिन इसका स्वाद थम्स अप के पुराने दमदार स्वाद जैसा ही है। हम हमेशा से थम्स अप के मूल स्वाद को बनाए रखते हुए नए उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। ज़ेप्टो के साथ साझेदारी करके, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ग्राहकों को यह नया पेय सबसे पहले मिले। इससे यह भी पता चलता है कि ब्रांड और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म मिलकर नए तरीके से काम कर रहे हैं।''

कैवल्य वोहरा, सह-संस्थापक ज़ेप्टो ने कहा, थम्स अप एक्सफोर्स की लॉन्च से पहले ही बहुत मांग थी। इसलिए, हमने ग्राहकों के लिए प्री-बुकिंग की सुविधा शुरू की, जोकि आमतौर पर केवल इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए होती है। हजारों लोगों ने पहले ही प्री-बुकिंग के लिए साइन अप किया है। इससे पता चलता है कि ज़ेप्टो एक आधुनिक तकनीक वाली कंपनी है जो ग्राहकों को खरीदारी का एक नया और बेहतर अनुभव दे रही है। ज़ेप्टो अपने तेज़ और आसान प्लेटफॉर्म और ग्राहकों की पसंद को समझते हुए, केवल सुविधा ही नहीं दे रहा है, बल्कि यह भी दिखा रहा है कि भारत में लोग खरीदारी कैसे करते हैं।

थम्स अप एक्सफोर्स जल्द ही देश भर की दुकानों पर मिलने लगेगा, लेकिन ज़ेप्टो यूजर्स सबसे पहले थंडर का अनुभव करेंगे। तो फिर बेझिझक 'ऑल थंडर, नो शुगर' की पहली सिप लेने के लिए तैयार हो जाइए।

### एसबीआई कॉलेज यूथ आइडियाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में दिखी

# भारत के उदीयमान युवा नवप्रवर्तकों की प्रतिभाएं




**नई दिल्ली एजेंसी।** कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भारत का सर्वोत्तम उद्यमशीलता लांचपैड दि ग्रैंड फिनाले ऑफ एसबीआई कॉलेज यूथ आइडियाथॉन (सीवाईआई 2025) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली में संपन्न हुआ जो भारतीय उद्यमशीलता की अकादमिक राजधानी बनकर उभरी है। नवप्रवर्तन, आकांक्षा और परिवर्तनकारी विचारों के प्रेरणादायी इस उत्सव में देश के सबसे उदीयमान विद्यार्थी उद्यमी शामिल हुए। आईआईटी दिल्ली, एमईपीएससी (कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन) और थिंकस्टार्टअप फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शीर्षक प्रायोजक के तौर पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सहयोग से आयोजित सीवाईआई 2025 देशभर के कॉलेज परिसरों में उद्यमशीलता की भावना करने की एक ऐतिहासिक पहल रही।

200 शहरों के 1,000 कॉलेजों से 44,000 से अधिक विद्यार्थियों ने एसबीआई कॉलेज यूथ आइडियाथॉन 2025 में प्रतिभाग किया। इस आयोजन में 15,000 से अधिक स्टार्टअप विचार पेश किए गए। मूल्यांकन के कठिन दौर, मार्गदर्शन और छंटाई के जरिए शीर्ष 100 विद्यार्थी टीमों को इस दो दिवसीय ग्रैंड फिनाले के लिए आईआईटी दिल्ली में आमंत्रित किया गया। इन युवा उद्यमियों ने अपने नवप्रवर्तन प्रदर्शित किए, शीर्ष मार्गदर्शकों और निवेशकों के साथ संवाद किया और लाइव पिच राउंड में प्रतिस्पर्धा की।

### स्टार्टअप

डिमेंशिया के मरीजों के लिए स्मार्ट और रीयल टाइम देखभाल में मदद करने वाला वियरेबल डिवाइस, शक्ति ग्रुप (चित्कारा युनिवर्सिटी), एआई आधारित आपदा प्रतिक्रिया प्रौद्योगिकी जिसमें थर्मल इमेजिंग, लिडार एवं लाइव 3डी मैपिंग का उपयोग किया गया है। शीसेफ इंडिया (मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज, करुण्य इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी), स्टार्टअप: महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट पैनिक अलर्ट सिस्टम,

# ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूई ने 'लिंग समानता वाली दुनिया के लिए त्वरित कार्य' पर श्वेतपत्र जारी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ने 'समान लिंग वाली दुनिया के लिए त्वरित कार्य' शीर्षक से श्वेतपत्र जारी किया है जिसमें महिला उद्यमियों के लिए सार्थक वैश्विक एक्सिलरेशन प्रोग्राम्स शुरू करते हुए इसे मुख्यधारा की मीडिया में चर्चा में लाने और महिलाओं के लिए चाहे वह कंपनी का बोर्ड हो, न्यायपालिका हो या सांस्कृतिक क्षेत्र हो, 33 प्रतिशत कोटा अनिवार्य करने की सिफारिश की गई है। साथ ही चुनावों में महिला उम्मीदवारों और महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों के लिए आईएसओ मानक प्रमाणन के लिए कोष की स्थापना करने, विवाद निस्तारण के लिए परिषद, मातृत्व लाभों के लिए राज्य का सहयोग, लिंग के आधार पर अलग अलग डेटा संग्रह एवं निगरानी, महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास की पहल की भी सिफारिश की गई है। इस श्वेतपत्र में विश्व में बदलाव लाने वाली महिलाओं, उद्यमियों, कॉरपोरेट अधिकारियों और नीति विशेषज्ञों के दृष्टिकोण को शामिल किया गया है जो वर्तमान प्रक्षेप पथ, विश्व आर्थिक मंच के मुताबिक, 2158 तक पूर्ण लिंग समानता हासिल नहीं की जा सकती जैसे विषयों पर चर्चा के लिए ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूई ट्रेलब्लेजर्स गोलमेज में एकत्रित हुईं। भारतीय संसद की पूर्व अपर सचिव (लोक सभा), ब्रिक्स सीसीआई की वरिष्ठ सलाहकार, एफओआरई सेंटर पालिटिकल लीडरशिप एंड गवर्नेंस की संस्थापक प्रधान सलाहकार और इस गोलमेज बैठक की अध्यक्ष सुश्री कल्पना शर्मा ने कहा, महिलाओं को नवप्रवर्तक और निर्णयकर्ता के तौर पर उभरती प्रौद्योगिकियों विशेषकर एआई को आकार देने में एक केंद्रीय भूमिका निभानी होगी। व्यवस्थागत बदलाव के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व एक महत्वपूर्ण कारक होता है। बातचीत और श्वेतपत्र में की गई सिफारिशें यह मजबूती से याद दिलाती हैं कि गठबंधन, मार्गदर्शन और नेतृत्व एक ऐसे भविष्य को तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण हैं जहां महिलाएं ना केवल भागीदारी करें, बल्कि नेतृत्व भी करें। ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूई की अध्यक्ष सुश्री रूबी सिन्हा के मुताबिक, दुनियाभर में करीब 3.8 अरब की महिलाओं की आबादी में से 2 अरब से अधिक महिलाएं ब्रिक्स देशों में रहती हैं जिससे वैश्विक स्तर पर लिंग समानता के लिए उनका सशक्तिकरण महत्वपूर्ण है।

BRICS Chamber of Commerce & Industry®
WE Women Empowerment

# फर्जी निकली किंग में दीपिका के होने की खबर

- सिद्धार्थ की ट्वीट के बाद आया चौंकाने वाला अपडेट

पिछले करीब तीन दिनों से ऐसे दावे किए जा रहे हैं कि शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग में दीपिका पादुकोण की एंट्री हो गई है। फैंस इसे लेकर खुशी मनाने लगे। मगर, अब जो जानकारी आई है वो ये है कि खबर एकदम फर्जी है। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जोड़ी परदे पर हमेशा कमाल करती है। फैंस के लिए तो यह मानो ट्रीट होती है, वहीं दीपिका के साथ शाहरुख की जोड़ी हो तो बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता पक्की सी हो जाती है। किंग खान इन दिनों फिल्म किंग को लेकर चर्चा में हैं, जिसके जरिए उनकी बिटिया सुहाना बड़े परदे पर डेब्यू कर रही हैं। पिछले कुछ दिनों से मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि किंग में दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। फैंस इस खबर पर खुशियां मनाने लगे। मगर, सच्चाई ये है कि किंग में दीपिका का मौजूदगी की खबर एकदम फर्जी है।

### सिद्धार्थ के ट्वीट से साफ हुई तस्वीर

बहुप्रतीक्षित फिल्म किंग में दीपिका के किरदार को लेकर भी पक्के दावे किए जाने लगे। कहा गया कि वे सुहाना खान की मां की भूमिका में दिखाई देंगी। मगर, इस फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने खुद इन खबरों का खंडन अपने एक ट्वीट से कर दिया है। एक ट्वीट उन्होंने कल सोमवार को साझा किया था। और अब आज मंगलवार 08 अप्रैल को भी एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं लिखा। सिर्फ यही लिखा है, खबर गलत है। इसी से साफ है कि उनका संदर्भ फिल्म किंग में दीपिका की मौजूदगी को लेकर है।



## क्या परेश रावल ने बता दी ...

# 'हेरा फेरी 3' की रिलीज डेट?



परेश रावल का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में उन्होंने एक प्रशंसक के सवाल का जवाब दिया, जिससे लोग अटकलें लगाने लगे की अभिनेता ने 'हेरा फेरी 3' की रिलीज डेट को लेकर हिंट दिया है। 'हेरा फेरी फ्रेंचाइजी' की तीसरी किस्त आखिरकार अपने मूल कलाकारों अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी के साथ आ रही है। कहा जा रहा है कि प्रियदर्शन, जिन्होंने इसकी पहली किस्त का निर्देशन किया था। वह भी इससे वापसी कर रहे हैं। हर कोई इसका बेसब्री के साथ इंतजार कर रहा है। हाल ही में परेश रावल ने एक पोस्ट के जवाब में फिल्म से जुड़ा एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिंट दिया है। हाल ही में अभिनेता परेश रावल ने अंदाज अपना-अपना फिल्म के री-रिलीज का ट्रेलर शेयर किया। पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए एक फैन ने लिखा, हम बाबू भाई मिस्टर तेजा का इंतजार कर रहे हैं। इस पर रावल ने जवाब दिया, जल्द ही ! अगले मानसून से पहले ! परेश रावल के जवाब से नेटिजन्स ने अटकलें लगानी शुरू कर दी कि क्या उन्होंने 'हेरा फेरी 3' को लेकर अपडेट दी है? नेटिजन्स ने इस पर प्रतिक्रिया भी देनी शुरू कर दी है। वह मजेदार पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।





# नोरा को छोटे प्रशंसकों ने प्यार से किया सराबोर

नोरा फतेही सिर्फ एक ग्लोबल स्टार नहीं हैं जो अपनी अंतरराष्ट्रीय हिट स्नेक के साथ म्यूजिक चार्ट्स पर राज कर रही हैं, बल्कि वह अपने सबसे छोटे प्रशंसकों का दिल भी जीत रही हैं! दिल को छू लेने वाला एक वीडियो जो अब वायरल हो रहा है। उसमें छोटे प्रशंसकों की एक समूह ने नोरा को घेर लिया और ढेर सारा प्यार दिया, जिसमें एक प्यारे बच्चे ने उन्हें अपने स्नेह के प्रतीक के रूप में ब्रेसलेट भी गिफ्ट किया है। यह पल गर्मजोशी से भरा हुआ था क्योंकि नोरा ने बच्चों के साथ बातचीत की, जो उनकी प्यारी ऊर्जा और वास्तविक उत्तेजना से स्पष्ट रूप से प्रभावित थे। हंसी, गले लगाना और स्नेक के लिए मासूम सराहना करते हुए, बच्चों की प्रतिक्रियाएं यह याद दिलाने वाली थीं कि नोरा का प्रभाव पीढ़ियों तक गहरी छाप छोड़ता है। नोरा फतेही ने इस अविस्मरणीय याद को साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया, और कैप्शन में लिखा ओएमजी मैं सचमुच रो रही हूँ, उनमें से एक ने मुझे एक ब्रेसलेट दिया और उन्हें स्नेक बहुत पसंद आया ! कितना प्यारा पल था... इन खूबसूरत बच्चों ने मेरा साल बना दिया। उनका प्यार और ऊर्जा मुझे जीवन दे रही है ! वैश्विक मंचों से लेकर असल जीवन के प्रशंसक प्यार तक, नोरा यह साबित करती जा रही हैं कि उनका दर्शकों से जुड़ाव गहरा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है, जिसमें प्रशंसक उनकी दयालुता की सराहना कर रहे हैं और इस पल को प्योर हैप्पीनेस कह रहे हैं। नोरा फतेही को कोई नहीं रोक सकता। बॉलीवुड दर्शकों को लुभाने से लेकर ग्लोबली ध्यान आकर्षित करने तक, वह अपने परफॉर्मेंस से इंडस्ट्री में छाई हुई हैं। हाल ही में उनकी उपस्थिति ने प्रतिष्ठित वैनिटी फेयर ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में लोगों का ध्यान खींचा और सुर्खियाँ बटोरीं, जिससे वह हॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।

# प्रियंका ने पति निक जोनस को बताया शानदार कलाकार

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ऐसे कपल हैं, जो एक-दूसरे पर प्यार लुटाने और एक-दूसरे की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। अब एक बार फिर प्रियंका ने अपने पति निक जोनस की तारीफ की है और उन्हें एक शानदार कलाकार बताया है। प्रियंका निक जोनस के साथ न्यूयॉर्क में 'द लास्ट फाइव इयर्स' के ब्रॉडवे डेब्यू में शामिल हुईं। इस समारोह की कई तस्वीरें अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। साथ ही शो के लिए पति निक की तारीफ भी की है।

प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर समारोह से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में प्रियंका पति निक जोनस और शो की मुख्य अभिनेत्री एड्रिएन वॉरेन के साथ पोज दे रही हैं। इस दौरान प्रियंका ने पति निक पर प्यार भी लुटाया और उन्हें किस करते हुए भी एक फोटो साझा की है। इस पोस्ट को साझा करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, ब्रॉडवे पर 'द लास्ट फाइव ईयर्स' की ओपनिंग नाइट। वाकई शानदार कलाकारी। बधाई हो निक जोनस और शो की पूरी टीम व क्रू को।

**बेटी मालती ने पापा के लिए बनाया पोस्टर**

अपनी इस पोस्ट में प्रियंका ने बेटी मालती की एक प्यारी सी तस्वीर भी साझा की, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस तस्वीर में मालती एक पोस्टर बना रही हैं। जो उन्होंने अपने पिता निक जोनस को बधाई देने के लिए बनाया है। प्रियंका ने निक के लिए कार्ड बनाती मालती की ये तस्वीर भी शेयर की। दिल को छू लेने वाली यह तस्वीर कपल की शाम की तस्वीरों में शामिल हो गई और लोगों का दिल जीत रही है। प्रियंका की इस पोस्ट पर निक जोनस ने भी प्रतिक्रिया दी है। निक ने कमेंट सेक्शन में दिल वाला इमोजी बनाकर इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है।



# सैफ पर हमला मामले में पुलिस ने दाखिल की 1000 पन्नों की चार्जशीट

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हुए हमले की घटना मामले में पुलिस को आरोपी के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। एक्टर पर इस साल जनवरी में उनके मुंबई के बांद्रा स्थित घर में एक हमलावर ने चाकू से वार किए। इस मामले में पुलिस को आरोपी शरीफुल इस्लाम के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। पुलिस ने 1000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। मुंबई की बांद्रा पुलिस ने इस मामले में बांद्रा कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में गिरफ्तार आरोपी शरीफुल इस्लाम के खिलाफ पुलिस को मिले कई सबूत शामिल हैं। यह चार्जशीट 1000 पन्नों से भी अधिक की है। इस चार्जशीट में फॉरेंसिक लैब की रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया है।

**क्राइम सीन से मिले अहम सबूत**

मुंबई पुलिस के मुताबिक, चार्जशीट में बताया गया है कि क्राइम सीन पर सैफ अली खान के शरीर से और आरोपी के शरीर से मिले चाकू के टुकड़े एक ही चाकू के तीन टुकड़े हैं। साथ ही जांच के दौरान पुलिस को मिले आरोपी के बाएं हाथ के फिंगरप्रिंट रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया है।

### जनवरी में हुआ था हमला

आरोपी शरीफ को जनवरी में अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर में घुसकर कथित तौर पर चाकू घोंपने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अदालत को बताया कि हमले के दौरान अभिनेता की रीढ़ के पास फंसा चाकू का टुकड़ा तथा घटनास्थल पर मिला एक हिस्सा शरीफ-उल से बरामद हथियार से मेल खाता है। बता दें कि चाकू से हमले की घटना के बाद सैफ लीलावती अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे। वहां उनकी सर्जरी हुई।

# हिंदी फिल्म में फवाद खान के कमबैक विवाद पर मावरा ने तोड़ी चुप्पी

पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान जल्द अबीर गुलाल में नजर आएंगे। भारतीय फिल्म में फवाद की मौजूदगी का विरोध हो रहा है। इस पर पाकिस्तानी अदाकारा मावरा हुसैन ने प्रतिक्रिया दी है।

पाकिस्तानी कलाकारों की भारतीय फिल्मों में वापसी को लेकर इन दिनों विवाद चल रहा है। यह विवाद फिल्म अबीर गुलाल का टीजर रिलीज होने के बाद शुरू हुआ, जिसमें पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान और वाणी कपूर अहम रोल में हैं। कुछ जगह फिल्म का विरोध किया जा रहा है और इसकी रिलीज को बैन करने की बात कही जा रही है। फवाद खान और पाकिस्तानी कलाकारों की बॉलीवुड में वापसी पर चल रहे विवाद पर पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुसैन ने प्रतिक्रिया दी है।

### कहा- मैं विरोध को पर्सनली नहीं लेती

फिल्म अबीर गुलाल की रिलीज के एलान के बाद से ही राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी मनसे भारत में इसकी रिलीज का विरोध कर रही है। वजह है इस फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान का होना। उनका कहना है कि वे इस फिल्म की रिलीज का विरोध करेंगे। एक इंटरव्यू में मावरा ने भारतीय फिल्मों में पाकिस्तानी कलाकारों के काम करने को लेकर हो रहे विरोध पर अपने विचार रखे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस विरोध को निजी रूप से नहीं लेती हैं।

### यह निर्माताओं का सिरदर्द है

मावरा हुसैन को हर्षवर्धन राणे अभिनीत फिल्म सनम तेरी कसम के लिए खासतौर से जाना जाता है। हाल ही में इस फिल्म की जब सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया गया, तो इसने जमकर कमाई की। मावरा ने कहा, मैं इसे निजी रूप से नहीं लेती हूं। दुनिया इसी



तरह काम करती है, है न?

मुझे सच में यकीन है कि अगर कुछ होना है, तो वह होगा। मैं अपने काम के आसपास होने वाले शोर को रोकती हूं। मुझे जो पसंद है, उसे करती हूं। इसलिए, इन चीजों का मुझ पर असर नहीं होता। दरअसल, हकीकत में यह प्रोड्यूसर का सिरदर्द है। दुखद है, लेकिन यह उनकी समस्या है।

# देश में अशिक्षा है सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दाः संजना सांघी

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की यूथ चैंपियन अभिनेत्री संजना सांघी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। अभिनेत्री का मानना है कि अशिक्षा ही हमारे देश में सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दा है। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय काम के अनुभव पर भी बात की। संजना ने बताया कि उन्हें किस बात ने प्रेरित किया। सांघी ने कहा, मुझे याद है कि मैंने एम्मा वाटसन को यूएन में बोलते हुए देखा था और मेरे पर वहीं से प्रभाव पड़ा। बच्चों को पढ़ाने से मुझे उनसे जुड़ाव का एहसास हुआ। आखिरकार, मैंने वॉलंटियर्स को सलाह देना शुरू कर दिया और उस पहल को आगे बढ़ाया। मेरा सपना एक ऐसे संगठन के निर्माण करने का है, जहां हमारे देश में कोई भी अशिक्षित न हो, मुझे लगता है कि शिक्षा की कमी हमारे देश में सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दा है। सांघी का मानना ??है कि शिक्षा से जेंडर और वेतन असमानता तथा स्वास्थ्य जागरूकता की कमी जैसे कई मुद्दों का समाधान हो सकता है। संजना ने आगे कहा, शिक्षा की कमी हमारे सामने आने वाले बड़े मुद्दों की जड़ है। इसे हल करें और आप लिंग और वेतन असमानता, मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता, महिला अधिकार जैसे विषयों पर खुलकर बात कर सकेंगे। दुर्भाग्य से लॉकडाउन में अध्ययनों से पता चलता है कि 10 मिलियन लड़कियों को स्कूल छोड़ने और घर में रहने के लिए मजबूर किया गया। वहीं, लड़कों की संख्या एक मिलियन से कम थी। शुरुआती सफलता और चुनौतियों से निपटने के बारे में उन्होंने बताया, ओम का बॉक्स ऑफिस पर सकारात्मक प्रदर्शन न करने से मुझे एहसास हुआ कि प्रक्रिया ही पुरस्कार है। उन्होंने आगे बताया, मुझे याद है कि मैंने शुक्रवार को रिलीज के जश्न के लिए अपने सभी दोस्तों को बुलाया था, क्योंकि यह एक ऐसी यात्रा थी, जिसका मैंने बहुत आनंद लिया और यह मेरे लिए एक अनुभव के रूप में एक मजेदार यात्रा थी।



साभार एजेंसी

# क्या धोनी पर ही है सीएसके की सारी जिम्मेदारी?

## केवल 2 गेंदबाज चल रहे, बल्लेबाजों ने भी लुटिया डुबोई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 5 बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीजन में अपने पिछले 4 मैच लगातार हारे हैं. 23 मार्च को जब चेन्नई ने मुंबई को अपनी होम वेन्यू पर हराया तो लगा कि इस बार कुछ अलग ही तरह से खेलेगी. लेकिन उसके बाद तो चेन्नई की टीम पर ऐसा ब्रेक लगा है कि उसने चार मैच गंवा दिए. पंजाब किंग्स के खिलाफ 8 अप्रैल को हुए मुकाबले में भी चेन्नई की टीम को 18 रनों से हार मिली. इस हार के बाद अब यह सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इस टीम को अचानक ऐसा क्या हो गया है कि वह ठीक-ठाक शुरुआत के बाद भी चूक जा रही है. 28 मार्च को (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) के खिलाफ मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी नंबर 9 पर खेलने आए तो फैन्स ने उनको ट्रोल करना शुरू कर दिया. उसके बाद हुए मुकाबलों में धोनी ऊपरी क्रम पर भी खेलने आए. इसी बीच स्टीफन फ्लेमिंग का भी बयान आया जहां कहा गया कि धोनी के घुटनों की स्थिति पहले जैसी नहीं रही है, इस वजह से वह लास्ट ओवर्स में खुद चयन करते हैं.

लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या 43 साल के धोनी पर ही चेन्नई सुपर किंग्स पूरी तरह से निर्भर है. क्योंकि शुरुआती 5 मैचों के जब हमने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाडियों के आंकड़े देखे तो कई चीजें चौंकाने वाली नजर आई. पंजाब के खिलाफ धोनी ने 12 गेंदों पर 27 रन बनाए.

### विकेटटेकर गेंदबाज नहीं चल रहे

चेन्नई सुपर किंग्स की गेंदबाजी यूनिट की बात की जाए तो केवल नूर अहमद और खलील अहमद शानदार रहे हैं. नूर अहमद ने 5 मैचों में 11 विकेट लिए हैं, इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 8.33 और एवरेज 13.63 रहा है. वहीं खलील अहमद ने 4 मैचों में 10 विकेट लिए हैं. वहीं बेबी मिलिंगा के नाम से फेमस मथीशा पथिराना 4 मैचों में महज 5 विकेट झटक पाए हैं. वहीं अश्विन भी 5 मैचों में महज 5 विकेट ले सके हैं. जडेजा ने 5 मुकाबलों में केवल 2 विकेट लिए हैं. यानी एक बात साफ है कि पथिराना, अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाज उस लेवल पर विकेट नहीं ले पाए हैं,.

आईपीएल के पांच मैचों के बाद सीएसकेके बल्लेबाजी भी चिंताजनक है. खास बात यह है कि अब तक हुए ( 8 अप्रैल तक) आईपीएल 2025 के कुल 22 मैचों के बाद चेन्नई का कोई भी बल्लेबाज रन बनाने के मामले में टॉप 10 में नहीं हैं.



82 रन तो बाउंड्री से ही बना डाले

# प्रियांश आर्य ने ठोका आईपीएल 2025 का सबसे तेज शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में प्रियांश आर्य ने शतक ठोक डाला है. उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए मात्र 39 गेंद में सेंचुरी पूरी की. वो इसी के साथ आईपीएल इतिहास में पंजाब के लिए दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं.

24 वर्षीय प्रियांश ने अपनी शतकीय पारी में 7 चौके और 9 छक्के लगाए. मजे की बात यह है कि शतक पूरा करते हुए प्रियांश ने 82 रन तो चौके-छक्कों से ही बना डाले.

### दूसरा सबसे तेज आईपीएल शतक लगाने वाले भारतीय

प्रियांश आर्य इतिहास में दूसरा सबसे तेज आईपीएल शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं. अभी तक सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज युसुफ पठान हैं, जिन्होंने साल 2010 में 37 गेंदों में सेंचुरी पूरी की थी, वहीं प्रियांश ने 39 गेंदों में शतक पूरा किया है.

वो साथ-साथ पंजाब किंग्स के लिए भी दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं. पंजाब के लिए सबसे तेज सेंचुरी 2013 में डेविड मिलर ने लगाई थी. उन्होंने आईपीएल के खिलाफ मैच में 38 गेंदों में शतक पूरा किया था.

प्रियांश आर्य ने सीएसके के गेंदबाजों का जमकर भूत बनाया. रवींद्र जडेजा को छोड़ चेन्नई के सारे गेंदबाजों ने 10 से ज्यादा के इकॉनमी रेट से रन लुटाए. प्रियांश इसके अलावा इंडियन प्रीमियर लीग में 40 से कम गेंदों में शतक पूरा करने वाले केवल दूसरे और दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बने हैं.

### कौन हैं प्रियांश आर्य?

प्रियांश आर्य का जन्म जनवरी 2001 में उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में हुआ था. वो भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट में दिल्ली टीम के लिए खेलते हैं. उन्हें सबसे पहली पहचान तब मिली जब डोमेस्टिक क्रिकेट में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए खेलते हुए उन्होंने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ एक ओवर में 6 छक्के जड़ दिए थे. उस मैच में उन्होंने मात्र 40 गेंद में शतक पूरा कर लिया था.
सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी 2023-24 में दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे. आपको याद दिला दें कि प्रियांश ने आईपीएल 2024 ऑक्शन में भी अपना नाम रजिस्टर करवाया था, लेकिन वो उस समय अनसोल्ड रहे थे. मगर इस बार पंजाब किंग्स ने उन्हें 3.8 करोड़ रुपये में खरीदा था.

शूटिंग वर्ल्ड कपः

## 18 साल की महिला निशानेबाज सुरुची ने जीता स्वर्ण पदक, चीन के प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुरुचि ने क्वालिफिकेशन में 583 का स्कोर बनाया था। दो ओलंपिक पदक जीत चुकीं मनु भाकर, सुरभि राव, सैनयम और सिमरनप्रीत कौर फाइनल में जगह नहीं बना सकी थीं। भारत की 18 साल की प्रतिभाशाली सुरुचि इंदर सिंह ने शानदार प्रदर्शन



करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 244.6 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने चीन की किवान वेई (241.9) और दोहरा ओलंपिक पदक विजेता जियांग रैनजिन (221.0) को क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर पछाड़ दिया।

### मनु फाइनल में नहीं बना पाई थीं जगह

इससे पहले सुरुचि ने क्वालिफिकेशन में 583 का स्कोर बनाया था। दो ओलंपिक पदक जीत चुकीं मनु भाकर, सुरभि राव, सैनयम और सिमरनप्रीत कौर फाइनल में जगह नहीं बना सकी थीं। सुरुचि ने नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के यूथ, जूनियर और सीनियर वर्ग में तीन स्वर्ण पदक हासिल किए थे। ट्रायल्स में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में जगह बनाई थी।

एशियन चैम्पियनशिपः

## कपिला-क्रास्टो की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची, मलेशियाई जोड़ी को हराया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ध्रुव और क्रास्टो की अगली भिड़ंत ताइवान की वेई ये और निकोल गोंजालेंज चैन की जोड़ी के साथ होगी। मिश्रित युगल में भारत की तीन अन्य जोड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। भारत की मिश्रित जोड़ी ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में मलयेशिया के हू पेंग रोन और सू यिन चेंग को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी ने 51 मिनट चले मुकाबले में 15-21, 21-12, 21-11 से जीत दर्ज की। ध्रुव और क्रास्टो की अगली भिड़ंत ताइवान की वेई ये और निकोल गोंजालेंज चैन की जोड़ी के साथ होगी। मिश्रित युगल में भारत की तीन अन्य जोड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियथ को तीसरी वरीयता की मलयेशियाई जोड़ी सून हुआत गोह और शेवन जेमी लेई ने हराया। असीथ सूर्या और अमरुथा भी मलयेशियाई प्रतिद्वंद्वी से 9-21, 11-21 हार गए। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी ने 56 मिनट चले मुकाबले में 21-18, 17-21, 17-21 से मिली हार के पहले कड़ी टक्कर दी।

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर को हुआ बड़ा नुकसान

# आईपीएल 2025: बल्ले और गेंद से नहीं कर पाए कमाल अब बीसीसीआई ने दी सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स को मात देकर सीजन में तीसरी जीत दर्ज की। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में यह टीम अब तक केवल एक ही मैच हारी है।



टीम भले ही मैच जीती लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। वह केवल एक ही रन बना पाए और एक ही विकेट लिया। इस मैच के बाद ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को बीसीसीआई की ओर से सजा मिली है। मैक्सवेल को यह सजा उनके प्रदर्शन के लिए नहीं बल्कि नियम तोड़ने के लिए मिली है। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा, ग्लेन मैक्सवेल ने आर्टिकल 2.2 (मैच के दौरान फिक्सचर और फिटिंग का दुरुपयोग) के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। मैक्सवेल को इसके लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत हिस्सा जुर्माने के तौर पर देना होगा। वहीं उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी शामिल हो गया है।

खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बीसीसीआई की आचार संहिता का अनुच्छेद 2.2 मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदान के उपकरण या फिक्सचर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है।



# नवजोत सिंह सिद्धू ने अंबाती रायडू को सरेआम किया बेइज्जत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू सालों पहले क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. मगर पिछले कई सालों से उन्होंने अपनी कमेंट्री से फैंस का दिल जीतना जारी रखा है. उनका शायराना अंदाज में कमेंट्री करना और पुरानी कहानियां साझा करते रहना कमेंट्री से लोगों को जोड़े रखता है. अक्सर कमेंट्री बॉक्स में बैठे क्रिकेटरों के बीच खूब मजाक चलता रहता है, लेकिन बीते मंगलवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स मैच मैच के दौरान सिद्धू की अंबाती रायडू से बहस हो गई थी. बातों-बातों में दोनों के बीच नोंकझोंक देखी गई.

### सिद्धू-रायडू में तीखी नोंकझोंक

अंबाती रायडू अपने बयानों के कारण अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं. चेन्नई-पंजाब मैच के दौरान रायडू ने कहा, पाजी आप अपनी पसंदीदा टीम ऐसे बदल लेते हैं, जैसे गिरगिट रंग बदलता है÷ यह कमेन्ट करने के बाद रायडू हंसने लगे थे, लेकिन नवजोत सिद्धू भी हाजिरजवाब निकले. सिद्धू ने जवाबी हमला करते हुए कहा, गिरगिट अगर किसी का आराध्यदेव है तो वो तुम्हारा है. इस जवाब के बाद रायडू और सिद्धू दोनों जोर-जोर से ठहाके लगाने लगे. मुकाबले के परिणाम की बात करें तो पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए 219 रन बना डाले थे. जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स 201 रन ही बना पाई थी. इस भिड़ंत में प्रियांश आर्य ने 29 गेंद में शतक ठोक डाला था, उन्होंने इस मैच में 103 रन की पारी खेली थी.

### संजय बांगर से भी हो चुकी है बहस

यह पहली बार नहीं है है अंबाती रायडू ने किसी पूर्व क्रिकेटर के साथ बहस की हो. चेन्नई-पंजाब मैच से एक दिन पहले ही रोहित शर्मा की मुंबई इंडियंस में जगह पर रायडू और संजय बांगर बहस करने लगे थे. बांगर का कहना था कि रोहित शर्मा एक सीनियर होते हुए स्द्ध टीम में एक मेंटॉर का रोल अदा कर रहे हैं, लेकिन रायडू इस बात से सहमत नहीं थे. रायडू का कहना था कि, मुझे नहीं लगता कि मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या को किसी सलाह की जरूरत है.

शादी के 20 साल बाद क्यों टूटने जा रहा है रिश्ता

# क्या सच में मैरी कॉम ले रही हैं तलाक?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 5 सालों तक डेटिंग के बाद बॉक्सर मैरी कॉम और करूँ ओनलर ने शादी की थी, जिसे करीब 20 साल हो गए हैं. शादी के बाद दोनों के 3 बच्चे हुए, एक बेटी को उन्होंने गोद लिया. दोनों के बीच सबकुछ ठीक चल रहा था लेकिन दोनों के बीच तलाक की ख़बरों ने फैंस को हैरान कर दिया है. क्या सच में दोनों तलाक लेने जा रहे हैं? लेकिन इसके पीछे वजह क्या है, जो बात तलाक तक आ पहुंची. मैरी कॉम एक जानी मानी हस्ती हैं, उन्हें देश में हर कोई जानता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक मैरी कॉम और उनके पति करुंग ओनलर के बीच 2022 से ही रिश्ते खराब हैं, जो समय के साथ और बिगड़ते गए. रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि मैरी कॉम तो एक अन्य रिलेशनशिप में भी आ गई है, अब इसमें कितनी सच्चाई है ये तो पता नहीं लेकिन मैरी कॉम ने अपनी जिंदगी में तीसरे के आने की ख़बरों का खंडन भी नहीं किया है.

### अलग रह रहे हैं मैरी कॉम और ओनलर




ख़बरों की माने तो ओनलर विधानसभा चुनाव हारें तो उन्हें आर्थिक रूप से काफी नुकसान हुआ. ये भी मनमुटाव का एक कारण है. दोनों काफी समय से एक दूसरे के साथ नहीं रह रहे. मैरी कॉम अपने बच्चों के साथ फरीदाबाद में रहती हैं और उनके पति ओनलर अपने परिवार के साथ दिल्ली में रह रहे हैं,, एक सूत्र ने बताया कि, चुनाव में हार के बाद, चीजें और खराब होती गई. उनके बीच रिश्ता और ख़राब होता चला गया जिसके बाद मैरी कॉम अपने फरीदाबाद वाले घर में बच्चों के साथ रहने लगी रिपोर्ट के अनुसार ओनलर को चुनाव में 2-3 करोड़ रूपये का नुकसान हुआ था, इससे और हार से मैरी कॉम नाखुश थी.

मैरी कॉम और उनके पति ओनलर की मुलाकात 2000 में हुई थी. बॉक्सर का सामन खो गया था, जिसे ढूंढने में ओनलर ने मदद की थी. दोनों के बीच 5 साल तक दोस्ती रही, मार्च 2005 में दोनों ने शादी की.

# तलाक के बाद इन क्रिकेटर्स को फिर हुआ प्यार?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में क्रिकेट बहुत लोकप्रिय खेल हैं। यही कारण है कि खिलाड़ियों की निजी जिंदगी भी चर्चा में रहती हैं। पिछले कुछ समय में कई क्रिकेटर्स की शादी टूटी है। वहीं कई जिंदगी में मूव ऑन कर चुके हैं। इस समय कई क्रिकेटर्स अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड्स को लेकर चर्चा में हैं।



### शिखर धवन

भारत के पूर्व बल्लेबाज शिखर धवन का 2022 में आयशा मुर्खजी से तलाक हो गया। इन दोनों का एक बेटा है जिसका नाम जोरावर है। शिखर धवन का नाम इन दिनों सोफी शाइन से जोड़ा जाता है। दोनों के अफेयर की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। सोफी कई मौकों पर शिखर के साथ नजर आई हैं। साथ ही शिखर ने भी यह माना है कि वह इन दिनों किसी को डेट कर रहे हैं। सोफी आयरलैंड की रहने वाली हैं। उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी-2025 में धवन के साथ देखा गया था और तभी से वह चर्चा में हैं। वह पेशे से एक बड़ी फर्म में प्रोडक्ट कंसलटंट हैं।

### युजवेंद्र चहल

भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल भी धनश्री वर्मा से अलग हो चुके हैं। दोनों ने साल 2020 में शादी की और महज 5 साल में ही उनका रिश्ता खत्म हो गया। कानूनी तौर पर अलग होने से पहले ही चहल का नाम आरजे महवश के साथ जोड़ा जाने लगा। इसके बाद महवश ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी डालकर इन बातों को अफवाह बताया। हालांकि तब से वह हर इवेंट में चहल के साथ नजर आती हैं। वह चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के दौरान भी स्टैंड्स में चहल के साथ ही दिखाई दी थीं।

### हार्दिक पंड्या

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पत्नी नताशा से अलग हो चुके हैं। उनकी डेटिंग लाइफ भी इन दिनों चर्चा में हैं। अफवाह है कि वह जैस्मिन वालिया को डेट कर रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के भारत-पाकिस्तान मैच में जैस्मीन भारतीय टीम को सपोर्ट करती दिखी। वह आईपीएल में भी मुंबई इंडियंस को चीयर करती नजर आती है और उसी बस से ट्रैवल करती हैं जिससे टीम के खिलाड़ियों का परिवार ट्रैवल करता है।

जैस्मीन वालिया ब्रिटिश सिंगर, एक्ट्रेस और टीवी पर्सनालिटी हैं। जैस्मीन को ब्रिटिश रियलिटी शो से काफी लोकप्रियता मिली। उनके सॉन्ग को कार्तिक आर्यन की फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी में भी शामिल किया गया था।

# भारत-UAE रिश्तों में नया अध्याय: पहली बार भारत दौरे पर पहुंचे दुबई क्राउन प्रिंस

## -शेख हमदान से मिले रोहित शर्मा सहित अन्य क्रिकेटर
## -रोहित शर्मा ने शेख हमदान को अनोखी जर्सी भेंट की




मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर मंगलवार 8 अप्रैल को दुबई क्राउन प्रिंस अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। शेख हमदान ने अपने पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अपनी यात्रा के दौरान, दुबई क्राउन प्रिंस ने संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच साझेदारी और सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इसी क्रम में 9 अप्रैल को उन्होंने मुंबई में आयोजित दुबई-इंडिया बिजनेस फोरम में भाग लिया और भारतीय क्रिकेटरों से मुलाकात भी की। भारतीय क्रिकेट स्टार और मुंबई इंडियंस की तिकड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम से मुलाकात की। उनके साथ आईसीसी के चेयरमैन और बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह भी मौजूद थे।

बाद में, इंस्टाग्राम पोस्ट में शेख हमदान ने हिंदी में लिखा कि भारतीय क्रिकेटरों से मुलाकात 'यादगार' रही। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने दुबई क्राउन प्रिंस शेख हमदान को टीम इंडिया की जर्सी भेंट की, जिस पर 'दुबई 11' का ब्रांड लिखा हुआ था। उन्होंने जर्सी हाथ में लेकर क्रिकेटरों के साथ फोटो भी खिंचवाया।

ICC चेयरमैन जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'मुंबई में क्रिकेट को दूरदर्शी नेतृत्व से जोड़ने में मदद करने में खुशी हुई, जहां महामहिम शेख हमदान मोहम्मद से रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार के साथ मिलना वाकई सम्मान की बात थी। ये पल दुनिया भर में क्रिकेट के एकजुट प्रभाव को दर्शाते हैं।'

**मुंबई इंडियंस अंक तालिका में आठवें स्थान पर है**

बता दें कि यह मुलाकात मुंबई इंडियंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से वानखेड़े स्टेडियम में 12 रन से हार के ठीक एक दिन बाद हुई, जो की 10 साल में आरसीबी से उनकी पहली घरेलू हार थी। मैच में विराट कोहली ने 42 गेंदों पर 67, कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच रहे रजत पाटीदार ने 32 गेंदों पर 64 और जितेश शर्मा ने 21 गेंदों पर 40 रनों की बदौलत मेहमान टीम को 222 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। जवाब में, मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या (15 गेंदों पर 42 रन) और तिलक वर्मा (29 गेंदों पर 56 रन) ने बावजूद पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 209 रन ही बना सकी, जिसकी वजह से मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पांच मैचों में सिर्फ एक जीत के साथ मुंबई अंक तालिका में आठवें स्थान पर है और उसका अगला मुकाबला 13 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

# बारां महोत्सव में बड़ा हादसा

## -हवा में लटकते कर्मचारी की गिरकर मौत, कार्यक्रम स्थगित

बारां (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के बारां शहर में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। जिले के 35वें स्थापना दिवस के मौके पर एयर बैलून उड़ाया जा रहा था। इसी दौरान बैलून उड़ाने वाला कर्मचारी रस्सी के साथ हवा में लटक गया। तभी अचानक रस्सी टूट गई, जिसके बाद कर्मचारी की नीचे जमीन पर गिरने से मौत हो गई। हादसे के वक्त मौके पर भारी भीड़ जमा थी, जिनमें से ही किसी एक शख्स ने इस मंजर को अपने कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**बारां महोत्सव का आखिरी दिन**

दरअसल, बारां जिले की स्थापना के 35 साल पूरे होने की खुशी में तीन दिवसीय बारां महोत्सव का आयोजन किया गया है। गुरुवार को इस महोत्सव का तीसरा और आखिरी दिन है। इसी दौरान यह हादसा हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों ने मिलकर तुरंत घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टर्स ने चेकअप के बार उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल कार्यक्रम का समापन कर दिया गया है।

**एक दिन पहले निकली भव्य शोभा यात्रा**

इससे एक दिन पहले यानी बुधवार को ऐतिहासिक एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। यह शोभायात्रा जिले की सांस्कृतिक धरोहर जन संगठन की शक्ति और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनी। नगरवासियों के उत्साह, पारंपरिक वेशभूषा, लोक कलाओं और विविध झांकियों से सजी इस शोभायात्रा ने जिले की गौरवगाथा को अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया। शोभायात्रा का आरंभ शहर के ऐतिहासिक प्यारेरामजी मंदिर परिसर से हुआ। इससे पूर्व मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा तोप दागकर परंपरागत रूप से यात्रा का शुभारंभ किया गया।

**विधायक-कलेक्टर भी हुए कार्यक्रम में शामिल**

इस अवसर पर वरिष्ठजनों के लिए साफा बंधन और कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बारां-अटरू विधायक राधेश्याम बैरवा, छबड़ा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे थे। इनकी सहभागिता ने आयोजन को भव्यता और गरिमा प्रदान की। शोभायात्रा में राजस्थानी लोक संस्कृति की विविधता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# भारत-पाक दोनों के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए एकमात्र भारतीय प्रधानमंत्री: मोरारजी देसाई



नई दिल्ली। भारतीय राजनीति में ऐसे कम ही राजनेता हुए हैं, जिन्होंने जीवनपर्यंत अपने सिद्धांतों का पालन किया। ऐसे ही एक राजनेता थे मोरारजी देसाई। मोरारजी सिद्धांतों के लिए किसी से भी लड़ जाते फिर चाहे सामने कोई भी क्यों न हो। प्रशासनिक नौकरी को छोड़कर राजनीति में शामिल होने वाले मोरारजी देसाई का 10 अप्रैल 1995 को 99 साल की उम्र में निधन हो गया था। वह साल 1977 से लेकर 1979 तक भारत के चौथे प्रधानमंत्री रहे। मोरारजी देसाई का जन्म गुजरात के भदेली गांव में 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। वह देश के एकलौते प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें भारत और पाकिस्तान दोनों ने ही अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है। उन्हें भारत रत्न और पाकिस्तान का सर्वोच्चत सम्माऔन निशान-ए-पाकिस्तासन मिल चुका है।

**मोरारजी देसाई को मिला निशान-ए-पाकिस्तान**

मोरारजी को सर्वोच्च सम्मान देने के पाकिस्तान के इस कदम के पीछे का मकसद हिंदुस्तान-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को सुधारना था? या महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सीमांत गांधी कहे जाने वाले 'खान अब्दुल गफ्फार खान' को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने के बाद इसे सद्भावना के तहत पाकिस्तान द्वारा भी किसी भारतीय नेता को सम्मानित करना था? इस पूरे वाकये पर सबसे चर्चित थ्योरी यह है कि इमेर्जेंसी के बाद 1970 के आखिरी के दशक में जब वह भारत के पीएम थे तो पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी करने के लिए इजराइली विमानों को जरूरी ईंधन भरने के लिए भारत की धरती का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी थी।

**नेहरू के निधन के बाद PM पद के सबसे मजबूत दावेदार थे मोरारजी**

मोरारजी देसाई बहुत काबिल नेता थे। 1964 में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद वो प्रधानमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार थे हालांकि कांग्रेस के अंदर चल रही गुटबाजी के बीच वे अपने साथ ज्यादा सदस्यों को नहीं जोड़ पाए ऐसे में पीएम की कुर्सी पर लाल बहादुर शास्त्री बैठ गए। 1966 में लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री पद खाली हो गया। मोरारजी और इंदिरा गांधी में पीएम बनने को लेकर जोरदार टक्कर थी। मोरारजी अपने को कांग्रेस का बड़ा नेता समझते थे। वह इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा करते थे। कई अन्य नेता भी इंदिरा का विरोध कर रहे थे। इसके बावजूद इंदिरा गांधी पीएम बन गईं और मोरारजी का विरोध किनारे रह गया। नवंबर 1969 में जब कांग्रेस का विभाजन हुआ और इंदिरा गांधी ने नई कांग्रेस बनाई तो देसाई इंदिरा के खिलाफ खेमे वाली कांग्रेस-ओ में थे। 1975 में मोरारजी देसाई जनता पार्टी में शामिल हो गए। मार्च 1977 में जब लोकसभा के चुनाव हुए तो जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हो गया। लेकिन उनके लिए प्रधानमंत्री बनना इतना आसान नहीं था क्योंकि चौधरी चरण सिंह और जगजीवन राम भी पीएम पद के दावेदार थे। ऐसे समय में जयप्रकाश नारायण का समर्थन काम आया और मोरारजी प्रधानमंत्री बने। 1977 से लेकर 1979 तक मोरारजी देसाई कार्यकाल रहा। चौधरी चरण सिंह के साथ मतभेदों के चलते उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था।

# पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता के ठिकानों पर एसीबी का छापा

## -200 प्रतिशत आय से अधिक संपत्ति, लग्जरी गाड़ियां और विदेश यात्राएं बेनकाब






जयपुर । एसीबी की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता के कई ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता हरिप्रसाद मीणा के जयपुर, दूदू सहित अन्य ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की गई है। छापेमार कार्रवाई में आय से अधिक करोड़ों रुपए की संपत्तियों का खुलासा हुआ है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करके दो ऑडी और स्कॉर्पियो समेत कई लग्जरी गाड़ियां भी खरीदी गई है। विदेश यात्राओं पर लाखों रुपए खर्च करना पाया गया है। एसीबी के डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के मुताबिक आय से अधिक संपत्ति के मामले में सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) दूदू के अधिशासी अभियंता हरिप्रसाद मीणा के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की गई है। अनुसंधान अधिकारी एडिशनल एसपी भूपेन्द्र के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। सूत्रों और गोपनीय सत्यापन से आरोपी अधिकारी के राजकीय सेवा में नियुक्त होने से अब तक करीब चार करोड़ रुपए की आय से अधिक परिसंपत्तियां अर्जित करना सामने आया, जो कि आरोपी की वैध आय से करीब 200 प्रतिशत अधिक है। संदिग्ध अधिकारी की ओर से अपनी आय से अधिक अर्जित सम्पति से महंगी लग्जरी कारे खरीदी गई। इनमें दो ऑडी, एक स्कॉर्पियो, एक फॉर्ड एण्डेवर और एक रॉयल इन्फील्ड बाइक मुख्य हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है।

संदिग्ध अधिकारी की ओर से विदेश यात्राओं और महंगी होटलों में रुकने में करीब 45 लाख रुपए व्यय किए। संदिग्ध अधिकारी की ओर से जयपुर में महल रोड पर तीन महंगे और लग्जरी अपार्टमेंट यूनिक एम्पोरिया और यूनिक न्यू टॉउन में खरीदे गए, जिनकी अनुमानित कीमत 1।5 करोड़ रुपए है। 19 बैंक खातों में करोड़ों रुपयों का लेनदेन : संदिग्ध अधिकारी का गांव बगड़ी लालसोट दौसा में एक लग्जरी फार्म हाउस भी है। अधिकारी और परिजनों के करीब 19 बैंक खातों में करोड़ों रुपयों का लेनदेन होना पाया गया है। संपत्ति और वाहन खरीदने के लिए करोड़ों रुपयों का बैंकों से लोन लिया गया। उनका आश्चर्यजनक तरीके से समय-पूर्व अल्प अवधि में ही भुगतान किया जाना पाया गया है। अधिकारी के जयपुर, दूदू, लालसोट में कुल 5 ठिकानों पर सर्च जारी है। यूनिक एम्पोरियम वीआईटी रोड महिमा पनोरमा के पास महल गांव रोड जगतपुरा जयपुर, गांव बगड़ी तहसील लालसोट जिला दौसा में बना संदिग्ध अधिकारी का फार्म हाउस, कार्यालय कक्ष अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड दूदू जिला जयपुर समेत अन्य जगहों पर सर्च किया जा रहा है। संदिग्ध अधिकारी का किराये का मकान फ्रेण्डस कॉलोनी, नरैना रोड, दूदू जयपुर में स्थित है।

# बिहार, राजस्थान, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर को मिल सकती है नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात




नई दिल्ली। इंडियन रेलवे आगामी कुछ महीनों में करीब एक दर्जन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। इनके रूट के बारे में अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की मंजूरी के बाद लिया जाएगा। रेलवे के इस कदम का उद्देश्य वंदे भारत ट्रेनों के नेटवर्क को बढ़ाना है। भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाते हुए रेलवे ने भारत की पहली स्वदेशी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू की थी। यह आधुनिक, कुशल और आरामदायक रेल यात्रा के लिए भारत की आकांक्षाओं का प्रतीक बन गई है। पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 15 फरवरी 2019 को दिल्ली-कानपुर-इलाहाबाद-वाराणसी मार्ग पर लॉन्च की गई थी। इसकी स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटे थी। रेलवे अब कुल 102 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं (51 ट्रेनें) चला रहा है, जो ब्रॉड गेज (बीजी) विद्तीकृत नेटवर्क वाले राज्यों को जोड़ती हैं।

**इन राज्यों को मिलेंगी नई वंदे भारत ट्रेनें**

रिपोर्ट के मुताबिक, अन्य राज्यों तक अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए रेलवे जल्द ही बिहार, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक में भी नई वंदे भारत ट्रेनें लॉन्च कर सकता है। पीएमओ से अंतिम मंजूरी के बाद इस दिशा में काम चल रहा है। अगले तीन महीनों में लगभग एक दर्जन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू की जा सकती हैं। विभिन्न क्षेत्रों में रेल नेटवर्क के विस्तार से कनेक्टिविटी, पहुंच और आर्थिक विकास में सुधार होगा। नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत का उद्देश्य शहरों और कस्बों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और यात्रा के समय को कम करना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, वंदे भारत ट्रेनों में यात्रा करने के लिए लगभग 31।84 लाख लोगों ने बुकिंग कराई थी। इस अवधि के दौरान वंदे भारत ट्रेनों में 96।62 प्रतिशत सीटें बुक हुईं।

# वक्फ एक्ट पर सियासी संग्राम

## -AIMPLB ने शुरू की 'वक्फ बचाओ मुहिम', BJP का 'धन्यवाद मोदी' अभियान

नई दिल्ली। वक्फ कानून को लेकर देशभर में बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी नेता और कई मुस्लिम बोर्ड बिल पर सवाल उठा रहे हैं और जगह-जगह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में आज ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ बचाओ मुहिम चलाएगा जो आज 10 अप्रैल से 7 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हर जिला मुख्यालय पर धरना होगा, डीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा और देश के बड़े 50 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी। इसके साथ-साथ कोलकाता में भी जमीयत-उलेमा-ए हिंद के तरफ से प्रदर्शन होगा तो बिल के समर्थन में आज बीजेपी भी उतर रही है। आज से मुंबई में बीजेपी, मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू कर रही है जिसके तहत वक्फ कानून को मुसलमानों को समझाया जाएगा और धन्यवाद मोदी का एक फॉर्म भरावाया जाएगा। अब आपको सिलसिलेवार तरीके से बताते हैं कि बोर्ड ने वक्फ कानून के विरोध में क्या तैयारी की है।

**वक्फ एक्ट के खिलाफ AIMPLB की तैयारी-**

- •10 अप्रैल से 7 मई तक विरोध का पहला दौर।
- •आज से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक़्फ़ बिल के विरोध में धरना-प्रदर्शन तेज करेगा।
- •"वक़्फ़ बचाओ मुहिम" के पहले दौर का आगाज आज से 7 जुलाई तक चलेगा।
- •सभी प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम होगा।
- •जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्मन चेन बनाकर विरोध करेंगे।
- •बोर्ड की तरफ से कहा गया है कि ये मुहिम शाह बानो मामले की तरह शहर से लेकर गांव तक चलाई जाएगी।
- •22 अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में वक्फ की हिफाज़त के नाम पर प्रोग्राम होगा।
- •30 अप्रैल की रात 9 बजे घर, फैक्ट्री, दफ्तर में ब्लैक आउट।
- •देश के बड़े 50 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी, साथ ही सभी बड़े शहरों में बुद्धिजीवी समाज के साथ मीटिंग की जाएगी।
- •बोर्ड की महिला विंग अलग-अलग जगह पर प्रोग्राम करेगी।
- •7 मई को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**बोर्ड ने लोगों से की अपील**

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड किस कदर विरोध करने वाला है उसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि उन्हें गिरफ्तारी तक का डर नहीं है क्योंकि बोर्ड खुद प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम चलाएगा। जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्मन चैन बनाकर या दूसरे तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इतना ही नहीं बोर्ड ने लोगों से अपील की है कि 30 अप्रैल की रात 9 बजे लोग अपने घर फैक्ट्री, ऑफिस की लाइट बंद करके आधे घंटे के लिए अपना विरोध दर्ज कराएं। हर जिला मुख्यालय पर धरना देकर डीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाए। दिल्ली मुंबई हैदराबाद, रांची, लखनऊ, अहमदाबाद जैसे 50 बड़े शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी। महिलाओं को जागरूक करने के लिए भी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की महिला विंग काम करेगी। वहीं कोलकाता के राम लीला मैदान में भी आज से जमीयत-ए-उलेमा-ए-हिंद वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन करेगा। ये प्रोटेस्ट ममता सरकार के मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी के नेतृत्व में होगा।

**वक्फ एक्ट से डरने की जरूरत नहीं- ममता बनर्जी**

दरअसल, सीएम ममता बनर्जी भी वक्फ बिल का लगातार विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल के मुसलमानों को वक्फ एक्ट से डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि वो इस कानून को बंगाल में लागू ही नहीं होने देंगी। ममता बनर्जी मुसलमानों को न डरने की सलाह दे रही हैं तो राहुल गांधी वक्फ एक्ट को लेकर माइनॉरिटीज को डरा रहे हैं। अहमदाबाद में कांग्रेस अधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा कि अभी वक्फ एक्ट लाया गया है लेकिन इसके बाद बीजेपी और RSS की नजर चर्च और गुरुद्वारों की प्रॉपर्टी पर है। हालांकि बीजेपी का कहना है कि विपक्ष सिर्फ मुसलमानों को गुमराह कर रहा है।

**बिल से बड़ा तबका नाराज-उमर अब्दुल्ला**

जम्मू-कश्मीर में भी वक्फ एक्ट को लेकर घमासान मचा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का कहना है कि वक्फ बिल को लेकर यहां के लोग नाराज हैं जिस वजह से सदन की कार्यवाही पर भी असर पड़ रहा है ऐसे में पार्टी बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक जाएगी।

**'धन्यवाद मोदी' का फॉर्म भरवाएगी बीजेपी**

वक्फ एक्ट का विरोध करने में विपक्ष ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है लेकिन बीजेपी भी पीछे नहीं है। आज से बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा मुंबई में वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू कर रहा है जिसमें वक्फ कानून को मुसलमानों को ठीक से समझाया जाएगा, उनके हर सवालों का जवाब दिया जाएगा और समाधान होने पर धन्यवाद मोदी का एक फॉर्म भरवाया जाएगा।

एक तरफ विपक्ष और तमाम मौलानाओं का कहना है देश के मुसलमान इस बिल को मंजूर नहीं करेंगे वो इसके खिलाफ हर मोर्चे पर लड़ेंगे। चाहे गोली खानी पड़े या जेल जाना पड़े। दूसरी ओर पीएम मोदी समेत बीजेपी के नेता बिल के फायदे गिनाने में लगे हैं। ऐसे में देखना होगा कि मुसलमानों को समझाने की जंग कौन जीतता है।

**वक्फ बिल को मिली मंजूरी**

बता दें कि वक्फ संशोधन बिल विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच दोनों संसद के पारित हो चुका है। साथ ही राष्ट्रपति भी इसको मंजूरी दे चुकी हैं। राज्यसभा में इसके पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े. लोकसभा में इसके पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी थीं। इसी के बाद अब मुस्लिम लॉ बोर्ड इसका विरोध कर रहा है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,